कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा, ब्लॉक–भीण्डर (उदयपुर)

# संकल्प-2022

**(एक अभिनव पहल)**

# प्रश्न बैंक

## सामाजिक विज्ञान

कक्षा - 10

**बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं संख्यात्मक उन्नयन हेतु अभिनव कार्ययोजना के तहत् निर्मित**

## **मुख्य संरक्षक**

## **कानाराम , IAS**

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

राजस्थान, बीकानेर

**एन्जिलिका पलात**
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा, उदयपुर

**ओम प्रकाश आमेटा**
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
उदयपुर

## **संरक्षक**

**रमेश सीरवी पुनाड़िया, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
भीण्डर,उदयपुर

**श्रवण सिंह राठौड़, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर, उदयपुर

**मार्गदर्शन**

**महेन्द्र कुमार जैन**

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक भीण्डर, उदयपुर

**भेरुलाल सालवी**
अतिमुख्य. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**रमेश खटीक**
अतिमुख्य. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**गिरिश चौबीसा**
संदर्भ व्यक्ति

**महेन्द्र कोठारी**
संदर्भ व्यक्ति

## **संयोजक**

जालम सिंह सारंगदेवोत , प्रधानाचार्य, रा.उ.मा.वि. मेनार , उदयपुर

CBEO BHINDER

# कार्य – वितरण

**संयोजक श्री जालम सिंह सारंगदेवोत प्रधानाचार्य राउमावि मेनार 9829192276**

**सहसंयोजक श्री पुष्कर राज मेनारिया व्याख्याता इतिहास राउमावि मेनार 9001135361**

**तकनीकी टीम 1. श्री दिलराज सिंह राजावत 9610381501**

**2. श्री सुरेश गरबड़ा 9460693620**

***3. श्री सतीश कुमार मीणा 9929280736***

| |
|---|
| *1. भारत और समकालीन विश्व – प्रभारी ममता दवे राउमावि अमरपुरा खांलसा* |
| *पाठ–1 – यूरोप में राष्ट्रवाद उदय – ममता दवे, व्याख्याता राउमा. वि. अमरपुरा* खांलसा – 9413017094 |
| पाठ–2 – भारत में राष्ट्रवाद – पुश्कर राज मेनारिया, व्याख्याता राउमा. वि. मेनार – 9001135361 |
| पाठ–3 – भूमण्डलीकृत विश्व का बनना – श्री प्रताप लाल जाट व.अ. – राउमावि. तारावट – 9829202117 |
| 2. लोकतांत्रिक राजनीति – प्रभारी – ललित कुमार आमेटा राउमावि टूस डांगियान |
| सत्ता की साझेदारी – ललित कुमार आमेटा व्याख्याता, राउमावि, टूस डांगियान – 9950984285 |
| संघवाद – लोकेन्द्र सिंह शक्तावत व्याख्याता राउमावि लूणदा – 9928079994 |
| लोकतंत्र एवं विविधता – रमाकांत स्वर्णकार, व्याख्याता राउमावि. नांदवेल – 9413103022 |
| जाति, धर्म, लैंगिक मसले – धीरज पालीवाल, व्याख्याता राउमावि. भटेवर – 9887738010 |
| जन संघर्ष आंदोलन – शंकर लाल डांगी व्याख्याता राउमावि धमानिया – 9929619649 |
| **3. समकालीन भारत – प्रभारी – गोपाल मेनारिया राउमावि मेनार** |
| संसाधन एवं विकास – कुणाल डिडवानिया, व.अ. राउमावि. गपुड़ा – 9414730763 |
| वन एवं वन्यजीव संसाधन – श्री गोपाल मेनारिया – व्याख्याता राउमावि. मेनार – 9667146856 |
| जल संसाधन – मधुरानी सियाल, व.अ. राउमावि, बालाथल – 7568352268 |
| कृषि – प्रतिमा सिन्हा व्याख्याता राउमावि दरौली – 7742136772 |
| खनिज तथा ऊर्जा संसाधन – प्रकाश चन्द्र मेनारिया व्याख्याता राउमावि वल्लभनगर – 9413555605 |
| **4. आर्थिक विकास की समझ – प्रभारी – ईश्वर लाल पोमावत राउमावि बाठरड़ा खुर्द** |
| विकास – मंजु आमेटा, व.अ. राउमावि. महाराज की खेड़ी – 9602554742 |
| भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक – गणपत लाल मेनारिया, व.अ. राउमावि. कुथवास – 9784294550 |
| मुद्रा और साख – आजाद बोकडिया, व.अ. राउमावि खरसाण – 8769029377 |
| वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था – ईश्वर लाल पोमावत, व्याख्याता |
| राउमावि, बाठरड़ा खुर्द – 9571887229 |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

## परीक्षा 2022 के लिए संक्षिप्तिकृत पाठ्यक्रम

**सामाजिक विज्ञान**

**विषय कोड–08**

**कक्षा–10**

| इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है– | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र | समय (घंटे) | प्रश्नपत्र के लिए अंक | सत्रांक | पूर्णांक |
| एकपत्र | 3:15 | 80 | 20 | 100 |

| क्र.सं. | अध्याय | अंक |
|---|---|---|
| 1 | भारत और समकालीन विश्व– 2 | 20 |
| 2 | समकालीन भारत– 2 | 20 |
| 3 | लोकतांत्रिक राजनीति– 2 | 20 |
| 4 | आर्थिक विकास की समझ | 20 |
| | योग | 80 |

**परीक्षा 2022 के लिए सम्मिलित अध्याय /इकाई का विवरण**

**पुस्तक– भारत और समकालीन विश्व–2 (इतिहास)**

खंड–1. घटनाएं और प्रक्रियाएं
अध्याय–1. यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय
अध्याय–2. भारत में राष्ट्रवाद
भाग–2 जीविका, अर्थव्यवस्था एवं समाज – निम्नलिखित में से कोई एक विषय
अध्याय 3. भूमण्डलीकृत विश्व का बनना

**पुस्तक– समकालीन भारत–2 (भूगोल)**

अध्याय 1. संसाधन एवं विकास
अध्याय 2. वन एवं वन्य जीव संसाधन
अध्याय 3. जल संसाधन
अध्याय 4. कृषि
अध्याय 5. खनिज और ऊर्जा संसाधन

**पुस्तक– लोकतांत्रिक राजनीति–2 (राजनीति विज्ञान)**

अध्याय 1. सत्ता की साझेदारी

अध्याय 2. संघवाद
अध्याय 3. लोकतंत्र और विविधता
अध्याय 4. जाति, धर्म और लैंगिक मसले
अध्याय 5. जन–संघर्ष और आंदोलन

**पुस्तक– आर्थिक विकास की समझ–2 (अर्थशास्त्र)**

अध्याय 1. विकास
अध्याय 2. भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक
अध्याय 3. मुद्रा और साख
अध्याय 4. वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

CBEO BHINDER

# अध्याय— यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

1. राष्ट्रवाद का प्रारंभ जिस देश से हुआ है वह है—
   (अ) फ्रांस  (ब) जर्मनी  (अ)
   (स) भारत  (द) श्रीलंका

2. नेपोलियन की संहिता' का निर्माण हुआ था—
   (अ) 1861  (ब) 1870  (स)
   (स) 1804  (द) 1789

3. किसके कल्पानादर्श (युटोपिया) में दुनिया के लोग अलग राष्ट्रों के समूह में बंटें हुए है ?
   (अ) फ्रांस  (ब) जर्मनी
   (स) भारत  (द) फ्रेडिरिक सॉरयू  (द)

4.'जॉलवेराइन' नामक शुल्क संघ की स्थापना कब हुई ?
   (अ) 1834  (ब) 1802
   (स) 1825  (द) 1820  (अ)

5. 1815 में नेपोलियन की हार के ठीक बाद चार देशों ने सम्मेलन कहाँ आयोजित किया ?
   (अ) प्राग  (ब) लंदन
   (स) वियना  (द) हेग  (स)

6. ज्युसप मेत्सिनी कौन था ?
   (अ) इटली का क्रान्तिकारी  (ब) वियना का क्रांतिकारी
   (स) रूस का क्रांतिकारी  (द) इनमें से कोई नहीं  (अ)

7. 1815 ई. में नेपालियन को हराने वाली चार शक्तियों में कोन सी एक नहीं थी ?
   (अ) ब्रिटेन  (ब) रूस
   (स) प्रशा  (द) चीन  (द)

8. निम्न में इटली के एकीकरण में किसका योगदान था ?
   (अ) काबूर  (ब) मेत्सिनी
   (स) गेरीबाल्डी  (द) उपर्युक्त सभी  (द)

अतिलघुतरात्मक प्रश्न—

प्रश्न— 1. वियना सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी ?

उत्तर— ऑस्ट्रिया के चांसलर ड्यूक मैटरनिख ने की थी।

प्रश्न— 2."जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को जुकाम हो जाता है।" यह किसने कहा ?

उत्तर:— मैटरनिख ने।

प्रश्न— 3.'कार्बोनरी' क्या थी?

उत्तर— 'कार्बोनरी' इटली के क्रांतिकारियों का एक गुप्त संगठन था।

CBEO BHINDER

प्रश्न– 4. किस संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता प्रदान की ?

उत्तर– 1832 ई. की कुस्तुन्तुनिया की संधि नेप्रश्न– 5. किसके नेतृत्व में तथा कब नये जर्मन साम्राज्य की घोषणा की गई?

प्रश्न–5. जर्मनी का एकीकरण कब हुआ?

उत्तर– विलियम प्रथम के नेतृत्व में 18 जनवरी, 1871 ई. में।

प्रश्न– 6. जर्मनी के एकीकरण का श्रेय किसे दिया जाता है?

उत्तर– ऑटोवॉन बिस्मार्क को।

प्रश्न– 7. ज्युसप मेत्सिनी का जन्म कब व कहाँ हुआ?

उत्तर– ज्युसप मेत्सिनी का जन्म 1807 ई. में जेनोआ में हुआ था।

प्रश्न– 8. ज्युसप मेत्सिनी द्वारा स्थापित दो भूमिगत संगठनों के नाम लिखिए।

उत्तर– 1. यंग इटली। 2. यंग यूरोप।

प्रश्न– 9. मैटरनिख ने किसे सामाजिक व्यवस्था का सबसे खतरनाक दुश्मन बताया?

उत्तर– ज्युसप मेत्सिनी को।

प्रश्न– 10.जर्मनी के एकीकरण का कर्णधार कौन था?

उत्तरः– ऑटोवॉन बिस्मार्क।

लघुतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न–1. 'जॉलवेराइन' नामक शुल्क संघ से आप क्या समझते है?

उत्तरः– 1834 में प्रशा की पहल पर 'जॉलवेराइन' नामक एक शुल्क संघ स्थापित किया गया जिसने विभिन्न जर्मन राज्यों के बीच शुल्क अवरोधों को समाप्त कर दिया था।

प्रश्न–2. बिस्मार्क ने सैन्य शक्ति के बल पर किन तीन देशों को युद्धों में पराजित कर जर्मनी का एकीकरण पूरा किया?

उत्तर– बिस्मार्क ने सैन्य शक्ति के बल पर डेनमार्क, ऑस्ट्रिया तथा फ्रांस को विभिन्न युद्धों में पराजित कर जर्मनी का एकीकरण पूरा किया।

प्रश्न–3. इटली के एकीकरण में योगदान देने वाले किन्हीं चार व्यक्तियों के नाम बताइए।

उत्तरः– 1. कावूर 2. मेत्सिनी 3. गैरीबाल्डी 4. विक्टर इमेनुएल द्वितीय।

प्रश्न–4. कावूर ने इटली के एकीकरण में योगदान को लिखिए।

उत्तर– कावूर ने एक कूटनीतिक संधि द्वारा फ्रांस की सैनिक सहायता प्राप्त कर 1859 में ऑस्ट्रिया की सेनाओं को पराजित कर दिया इससे इटली का एकीकरण सरल हो गया।

प्रश्न–5. वियना सम्मेलन में किन चार प्रमुख देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे ?

उत्तरः– वियना सम्मेलन में जिन चार प्रमुख देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे वे ब्रिटेन, रूस, प्रशा और ऑस्ट्रिया थे।

प्रश्न–6. रूमानीवाद से क्या अभिप्राय है ?

उतर– रूमानीवाद एक ऐसा सांस्कृतिक आन्दोंलन था, जो एक प्रकार की राष्ट्रीय भावना का विकास करना चाहता था। रूमानीवाद तर्क–वितर्क और विज्ञान के महिमामण्डन की आलोचना करता था और भावनाओं, अर्न्तदृष्टि और रहस्यवादी भावनाओं पर जोर देता था। इसने एक साझा सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक अतीत को को राष्ट्र का आधार बनाने पर बल दियां।

CBEO BHINDER

प्रश्न–7. ज्युसप मेत्सिनी पर टिप्पणी लिखिए।

उतर– ज्युसप मेत्सिनी इटली का एक क्रांतिकारी था। उसका जन्म 1807 में जेनेआ में हुआ था और वह कार्बोनरी के गुप्त संगठन का सदस्य बन गया। उसने दो भूमिगत संगठनों की स्थापना की जिसमें 1. यंग इटली तथा 2. यंग यूरोप था। उससे प्रेरणा लेकर जर्मनी, फ्रांस, स्विजरलेण्ड और पोलेण्ड में भी गुप्त संगठन बनाए गए।

प्रश्न–8. फ्रांस के प्रथम विद्रोह 1830 के बारे में संक्षेप में लिखिए।

उतर– फ्रांस में प्रथम विद्रोह जुलाई 1830 में हुआ था। बूर्बो राजा, जिन्हें 1815 के बाद हुई रूढीवादी प्रतिक्रिया के दौरान सता में बहाल किया गया था, उन्हें अब उदारवादी क्रांतिकारियों ने उखाड फेंका। उनकी जगह एक संवैधानिक राजतंत्र स्थापित किया गया जिसका अध्यक्ष लुई फिलिप था।

## भारत में राष्ट्रवाद

1. महात्मा गाँधी दक्षिण अफ्रिका से किस वर्ष भारत लौटे–

(अ) 1906 (ब) 1909

(स) 1911 (द) 1915 (द)

2. महात्मा गाँधी ने भारत में 1917 में पहला सत्याग्रह कहाँ चलाया–

(अ) चंपारण (बिहार) (ब) अमृतसर (पंजाब)

(स) बारदोली (गुजरात) (द) दाण्डी (गुजरात) (अ)

3. प्रसिद्ध पुस्तक 'हिन्द स्वराज (1909)' किसकी रचना है–

(अ) जवाहरलाल नेहरु (ब) सुभाषचन्द्र बोस

(स) सरदार पटेल (द) महात्मा गांधी (द)

4. औपनिवेशिक शासन के दौरान बहुत सारे मजदूरों को काम करने के लिए फिजी,गुयाना, आदि स्थानों पर ले जाया गया था। इन मजदूरों को बाद में क्या कहा जाने लगा–

(अ) बंधुआ मजदूर (ब) दास मजदूर

(स) गिरमिटिया मजदूर (द) कृषि मजदूर (स)

5. निम्न में से कोनसे एक आंदोलन का नेतृत्व सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था–

(अ) बारदोली आंदोलन (ब) असहयोग आंदोलन

(स) सविनय अवज्ञा आंदोलन (द) भारत छोडो आंदोलन (अ)

6. कांग्रेस के किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की मांग को औपचारिक रूप से मान लिया गया–

(अ) सूरत अधिवेशन,1907 (ब) लाहौर अधिवेशन,1929

(स) कलकता अधिवेशन,1911 (द) कराची अधिवेशन,1931 (ब)

CBEO BHINDER

7. स्वदेशी आंदोलन की प्रेरणा से किसने भारत माता की छवि को चित्रित किया—

(अ) रविन्द्रनाथ टेगोर (ब) देवेन्द्रनाथ टेगोर

(स) सत्येन्द्रनाथ टेगोर (द) अवनीन्द्रनाथ टेगोर (द)

8. गांधीजी ने प्रसिद्ध 'करो या मरो' का नारा किस आंदोलन के समय दिया—

(अ) नमक आंदोलन (ब) असहयोग आंदोलन

(स) भारत छोडो आंदोलन (द) चंपारण आंदोलन (स)

9. सविनय अवज्ञा आंदोलन अथवा नमक आंदोलन किस स्थान से प्रारंभ हुआ—

(अ) साबरमती, गुजरात (ब) अमृतसर, पंजाब

(स) वर्धा, महाराष्ट्र (द) दाण्डी, गुजरात (अ)

10.शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए भी ब्रिटिश पुलिस ने लाला लाजपतराय पर लाठियाँ बरसाई,जिससे बाद में लाजपतराय का दु:खद निधन हो गया। यह विरोध प्रदर्शन किसके खिलाफ था—

(अ) क्रिप्श मिशन (ब) साईमन कमीशन

(स) अधिनियम,1919 (द) कैबिनेट मिशन (ब)

अतिलघुतरात्मक प्रश्न—

प्रश्न—1 महात्मा गांधी ने नस्लभेद के विरोध में कहाँ सत्याग्रह किया ?

उत्तर— महात्मा गांधी ने नस्लभेद के विरोध में द.अफ्रिका में सत्याग्रह किया।

प्रश्न—2 गुजरात में खेडा सत्याग्रह किसके लिए किया गया ?

उत्तर— फसल खराब होने पर,किसानों के लिए, लगान में कमी कराने हेतु ।

प्रश्न—3 सूती कपडा कारखानों के मजदूरों के लिए कहाँ आंदोलन हुआ था ?

उत्तर— 1918, अहमदाबाद में।

प्रश्न—4 जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कब हुआ ?

उत्तर— 13 अप्रेल 1919 को अमृतसर, पंजाब।

प्रश्न—5 ऐसा विरोध प्रदर्शन जिसमें ऑफिस या दुकान का रास्ता रोकते हैं। क्या कहा जाता है ?

उत्तर— पिकेटिंग।

प्रश्न—6 साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया गया ?

उत्तर— क्यों कि इस आयोग में एक भी भारतीय नहीं था। सभी सदस्य अंग्रेज थे।

प्रश्न—7 1929 लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे ?

CBEO BHIND

उत्तर– जवाहरलाल नेहरु।

प्रश्न–8 लंदन में हुए तीन गोलमेज सम्मेलन में गांधीजी ने कोनसे सम्मेलन में भाग लिया ?

उत्तर– दूसरे गोलमेज सम्मेलन में।

प्रश्न–9 पूना पैक्ट किस किस के बीच हुआ था ?

उत्तर– अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच।

प्रश्न–10 भारत छोडो आंदोलन कहाँ से प्रारंभ हुआ था ?

उत्तर– बम्बई से।

प्रश्न–11 वर्ष 1859 का इनलैंड इमिग्रेशन एक्ट किसके लिए था ?

उत्तर– चाय बागानों में काम करने वाले मजदूरों के लिए था।

प्रश्न–12 1930 में दलितों को दमित वर्ग एसोसिएशन में किसने संगठित किया ?

उत्तर– डॉ. अंबेडकर ने।

प्रश्न–13 कांग्रेस कार्यसमिति ने 'भारत छोडो आंदोलन' प्रस्ताव कब व कहाँ पारित किया ?

उत्तर– 14 जुलाई 1942 को, वर्धा, महाराष्ट्र में।

लघुतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न–1. रॉलेट एक्ट क्या था ?

उत्तर– रॉलेट एक्ट भारत में उभर रहे राष्ट्रीय आंदोलन को कुचलने के ब्रिटिश सरकार द्वारा सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में बनाया गया ऐसा कानून था जिससे आंदोलनकारियों को बिना मुकदमा चलाए दो साल जेल में रखा जा सकता था।

प्रश्न–2. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड क्या था ?

उत्तर– 13 अप्रेल 1919 को पंजाब के अमृतसर में सालाना वैसाखी मेले में भाग लेने के लिए बहुत सारे लोग जलियाँवाला बाग में जमा हुए थे। यहाँ इन्हीं लोगों ने मार्च 1919 में पारित रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए प्रदर्शन शुरु कर दिया था। तभी जनरल डायर के सैनिकों द्वारा अंधाधुंध गोलियाँ चलाने से सैंकडों लोग मारे गए। यही जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड था।

प्रश्न–3. खिलाफत आंदोलन पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर– प्रथम विश्व युद्ध में तुर्की की हार होने के बाद यह अफवाह फैली हुई थी कि इस्लामिक विश्व के आध्यात्मिक प्रमुख यानि 'खलिफा' (ऑटोमन सम्राट) पर कठोर संधि थोपी जाएगी। अतः बम्बई में मोहम्मद अली व शौकत अली जैसे युवा नेताओं ने खिलाफत समिति का गठन कर ब्रिटेन के खिलाफ आंदोलन शुरु कर गांधीजी के साथ वार्ता प्रारंभ कर दी। गांधी जी ने इसे सुअवसर मानकर असहयोग आंदोलन प्रारंभ करने की ठान ली।

प्रश्न–4 असहयोग आंदोलन क्या था ?

BEO BHINDER

उत्तर– गांधीजी का मानना था कि भारत में ब्रिटिश शासन भारतीयों के सहयोग से चल रहा है,यदि भारतीय असहयोग करना प्रारंभ कर दे तो साल भर में ब्रिटिश शासन का पतन हो सकता है। अतःखिलाफत आंदोलन के समर्थन के साथ ही स्वराज के लिए असहयोग आंदोलन शुरू किया जाना चाहिए।

प्रश्न–5 असहयोग आंदोलन में क्या कार्यक्रम शामिल थे ?

उत्तर– असहयोग आंदोलन में–(1) सबसे पहले अंग्रेज सरकार द्वारा दी गई पदवियाँ लौटाना (2) सरकारी नौकरियों जिसमें सेना,पुलिस से त्यागपत्र देना (3) अदालतों, विधायी परिषदों का बहिष्कार। (4) स्कूलों,कॉलेजो का बहिष्कार (5) विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार आदि कार्यक्रम शामिल थे।

प्रश्न–6 असहयोग आंदोलन गांधी ने क्यों स्थगित कर दिया ?

उत्तर– 5 फरवरी 1922 को उतरप्रदेश के गोरखपुर के चौरीचौरा में बाजार से गुजर रहा शांतिपूर्ण जुलूस पुलिस के साथ टकराव से हिंसक घटना में बदल गया जिसमें उतेजित भीड ने थाने को आग लगा दी। अतः हिंसा के सख्त विरोधी गांधी ने 12 फरवरी 1922 को असहयोग आंदोलन को स्थगित कर दिया।

प्रश्न–7 स्वराज पार्टी का गठन किसने किया था ?

उत्तर– असहयोग आंदोलन समाप्त होने के बाद सी.आर.दास तथा मोतीलाल नेहरु ने राजनीति में वापस लौटने के लिए कांग्रेस के अन्दर ही स्वराज पार्टी का गठन कर लिया था।

प्रश्न–8 सविनय अवज्ञा आंदोलन क्या था ?

उत्तर– भारतीयों को 1929 तक यह आभास हो गया था कि ब्रिटेन औपनिवेशिक स्वराज्य प्रदान करने वाला नहीं हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के दिसम्बर 1929 के लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' की घोषणा कर दी थी। तत्कालीन वायसराय इरविन को जनवरी 1930 में गांधी ने 11 सूत्रीय मांग का पत्र भेजा। पत्र में साफ था कि 11 मार्च तक मांगे नहीं मानी गई तो सविनय आंदोलन छेड दिया जाएगा। इरविन द्वारा मांगे न मानने से 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से सविनय अवज्ञा या नमक आंदोलन प्रारंभ कर दिया गया।

प्रश्न–9 सविनय अवज्ञा आंदोलन में नमक कानून कैसे तोडा गया ?

उत्तर– लार्ड इरविन द्वारा मांगे न मानने पर 12 मार्च 1930 को गांधी अपने 78 सहयोगियों के साथ साबरमती आश्रम से समुद्र के किनारे स्थित दाण्डी के लिए निकल पडे। रास्ते में हजारों लोगों को सभाओं में संबोंधित करते हुए 240 किलोमीटर दूर दाण्डी जाकर 6 अप्रेल 1930 को नमक बनाकर कानून तोडा।

प्रश्न–10 सविनय अवज्ञा आंदोलन में क्या क्या कार्यक्रम शामिल थे ?

उत्तर– सविनय अवज्ञा आंदोलन में कार्यक्रम– नमक कानून तोडना, सरकारी नमक कारखानों के सामने धरना देना, विदेशी कपडों का बहिष्कार, शराब की दुकाने बंद करवाना, किसानों द्वारा लगान देने से इनकार करना, चौकीदारी कर से इनकार करना, गाँवों में सरकारी कर्मचारियों द्वारा नोकरी से इस्तीफा देना, जंगलों में रहने वाले लोगों द्वारा वन कानूनों का उल्लंघन करना आदि कार्यक्रम शामिल थे।

प्रश्न–11 भारत छोडो आंदोलन पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर– क्रिप्श मिशन असफल होने के बाद भारत में असंतोष व्याप्त हो गया। 14 जुलाई 1942 को वर्धा, महाराष्ट्र में कांग्रेस कार्यसमिति ने भारत छोडो आंदोलन का प्रस्ताव पारित कर दिया, जिसमें अंग्रेजों को शासन छोड तत्काल भारतीयों को शासन सौंपने की मांग की गई। 8 अगस्त 1942 को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन कर दिया। यहीं से एक व्यापक जन आंदोलन आरंभ हो गया।

प्रश्न–12 भारत छोडो आंदोलन का स्वरूप क्या था ?



CBEO BHINDER

उत्तर– बम्बई से प्रारंभ भारत छोडो आंदोलन में महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया। भारतीयों ने देश के अधिकतर हिस्सों में राज्य व्यवस्था को ठप्प कर दिया। प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लेने पर लोगों ने खुद आंदोलन को संभाल लिया। हडतालें हुई तथा राष्ट्रीय गीतों,नारों के साथ जुलूस निकाले। यह आंदोलन एक जन आंदोलन बन गया जिसमें छात्र,किसान, और मजदूरों जेसे साधारण लोगों ने भी हिस्सा लिया।

## भूमण्डलीकृत विश्व का बनना

1. अठारहवीं शताब्दी में विश्व व्यापार का सबसे बडा केन्द्र था–

(अ) यूरोप (ब) अमेरिका (स) अफ्रीका (द) आष्ट्रेलिया (अ)

2. सन् 1885 में यूरोपीय देशों ने मानचित्र पर लकिरें खींच कर किस महाद्वीप को आपस में बाँट लिया–

(अ)एशिया (ब) अमेरिका (स) अफ्रीका (द) अफ्रिका (द)

3. भारत से विदेशों को जाने वाले अनुबन्धित श्रमिक कहलाते थे–

(अ) गिरमिटिया (ब) पूर्णकालिक श्रमिक (स) सफेदिया (द) दास (अ)

4. 1890 में अफ्रिका में कोनसी बीमारी तेजी से फैल गई–

(अ) प्लेग (ब) चेचक (स) रिंडरपेस्ट (द) हेजा (स)

5. रिंडरपेस्ट बीमारी किससे फैली थी–

(अ) पक्षियों से (ब) मानव से (स) पशुओं से (द) चुहों से (स)

6. महामंदी का प्रारम्भ किस वर्ष हुआ–

(अ) 1919 से (ब) 1926 से (स) 1935 (द) 1929 (द)

7. चेचक जैसे किटाणु किस देश के सैनिकों के सबसे बडे हथियार थे–

(अ) अमेरिका (ब) चीन (स) स्पेन (द) इटली (स)

8. प्रथम विश्व युद्ध प्रारंभ हुआ था–

(अ) 1911 में (ब) 1914 में (स) 1939 में (द) 1916 में (ब)

9. विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने औपचारिक रूप से कार्य करना प्रारंभ किया–

(अ) 1947 (ब) 1940 (स) 1937 (द) 1925 (अ)

10. अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वृहत स्तर पर उत्पादन का चलन किस दशक में शुरू हुआ–

(अ) 1930 के दशक में (ब) 1920 के दशक में

(स) 1940 के दशक में (द) 1950 के दशक में (ब)

CBEO BHINDER

11. जी–77 किस प्रकार के देशों का समूह है–

(अ) विकासशील (ब) विकसित (स) अविकसित (द) सभी (अ)

**रिक्त स्थान–**

1. अठारहवीं शताब्दी में मक्का के आयात पर लगी पाबन्दी को.........................के नाम से जाना जाता है।

2. .........................तक वैश्विक कृषि अर्थव्यवस्था सामने आ चुकी थी।

3. प्रथम विश्व युद्ध आधुनिक .......................युद्ध था।

4.प्राचीनकाल में कौडियों का उपयोग .......................के रूप में होता था।

(1) कार्न ला (2) 1890 (3) औद्योगिक (4) मुद्रा

प्र.1. एल डोराडो शहर को यूरोप के लोग किस शहर के नाम से सम्बोधित करते है ?

उत्तर – एल डोराडो शहर को यूरोप के लोग सोने का शहर के नाम से सम्बोधित करते है।

प्र.2 क्रिस्टोफर कोलम्बस गलती से किस अज्ञात महाद्वीप में पहुँच गया ?

उत्तर – अमेरिका महाद्वीप में पहुँच गया था।

प्र.3 चटनी म्यूजिक कहां का लोकप्रिय था ?

उत्तर – चटनी म्यूजिक त्रिनिदान एवं गुयाना में लोकप्रिय था।

प्र.4 – भारत में अनुबंधित श्रमिक संबंधी प्रावधान को कब समाप्त किया गया था?

उत्तर – सन् 1921 में समाप्त किया गया था।

प्र.5 – प्रथम विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों में कौन–कौन से देश सम्मिलित थे।

उत्तर – प्रथम विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों में ब्रिटेन, फ्रांस, रूस आदि सम्मिलित थे।

प्र.6– आर्थिक महामंदी के समय महात्मा गांधी ने कौनसा आंदोलन प्रारंभ किया था।

उत्तर – सविनय अवज्ञा आंदोलन।

प्र.7 ऐसी दो संस्थाओं के नाम बताइए जो बेटन वुड्स समझौते के तहत स्थापित किए गए थे?

उत्तर – 1. अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष 2. विश्व बैंक

प्र.8 हेनरी फोर्ड कौन था?

उतर हेनरी फॉर्ड विश्व प्रसिद्ध फॉर्ड कार का निर्माता था।

प्र.9 विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने औपचारिक रूप से कार्य करना कब शुरू किया।

उत्तर – सन् 1947 ई. में।

CBEO BHINDER

प्र.10 प्रथम विश्वयुद्ध में केन्द्रीय शक्तियों में कौन–कौन से देश सम्मिलित थे?

उत्तर – जर्मनी, ऑस्ट्रिया, हंगरी , ऑटोमन तुर्की व बुल्गारिया सम्मिलित थे।

प्र.11 भारत से गए अनुबंधित श्रमिकों के एक वशंज का नाम बताइए ?

उत्तर – साहित्यकार वी.एस. नायवॉल नोबेल पुरस्कार विजेता।

प्र.12 वीटो अधिकार का आशय बताइए।

उत्तर – वीटो अधिकार प्राप्त देश, वीटो अधिकार के सहारे किसी भी प्रस्ताव को असहमति व्यक्त करते हुए निरस्त करवा सकते है।

प्र.13 उदारीकरण का आशय बताइए।

उत्तर – इस व्यवस्था द्वारा लगाए गए प्रत्यक्ष अथवा भौतिक नियन्त्रणों से अर्थव्यवस्था की मुक्ति को उदारीकरण के नाम से जाना जाता है।

प्र. 14 विनिमय दर किसे कहते है।

उत्तर – इस व्यवस्था के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राओं को परस्पर जोड़ा जाता है।

लघुरात्मक प्रश्न –

प्र. 1 अठारवीं सदी के आखिरी दशक में ब्रिटेन की तेजी से बढ़ती हुई आबादी के किन्हीं तीन प्रभावों का स्पष्ट कीजिए।

उत्तर. 1. देश में भोजन की मांग में वृद्धि हो गयी।

2. शहरों के विस्तार होने तथा उद्योगों के बढ़ने से कृषि उत्पादों की मांग में भी वृद्धि हो गयी।

3. मांग में वृद्धि होने से कृषि उत्पाद महंगे हो गए।

प्र. 2 भूमण्डलीय विश्व के बनने की प्रक्रिया में निम्नलिखित तत्व सहायक हुए।

उत्तर – 1. व्यापार 2. काम की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना

3. पूंजी 4. अनेक वस्तुओं का वैश्विक आदान– प्रदान।

प्र.3 रेशम मार्ग सिल्क रूट क्या थे।

उत्तर – ये इस प्रकार के मार्ग थे जो न केवल एशिया के विशाल क्षेत्रों को परस्पर जोड़ने का कार्य करते थे बल्कि एशिया को यूरोप और उत्तरी अफ्रिका से जोड़ते थे ऐसे मार्ग ईसा पूर्व के समय में ही सामने आ चुके थें और लगभग पन्द्रहवी शताब्दी तक अस्तित्व में थे।

प्र. 4. भारतीय कृषक वैश्विक आर्थिक महामंदी से किस तरह प्रभावित हुए?

उत्तर – 1. कृषि उत्पादों की कीमतों में तेजी से कमी आई लेकिन सरकार ने लगान वसूली में छूट देने से साफ इंकार कर दिया। इससे कृषक कर्ज में डूब गए।

2. कच्चे पटसन की कीमतों में 60 प्रतिशत से भी अधिक गिरावट आने से किसान बुरी तरह प्रभावित हुए।

CBEO BHINDER

3. किसानों के अत्यधिक मात्राा में कर्ज में डूब जाने से उनको सोने– चांदी के आभूषण बिक गए। जमीन सूद खौरों के पास गिरवी रख दी गई।

प्र. 5 युद्धोत्तर अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की मुख्य उद्देश्य क्या था? इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु किन–किन संस्थाओं की स्थापना की गई।

उत्तर – युद्धोत्तर अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की मुख्य उद्देश्य औद्योगिक विश्व में आर्थिक स्थायित्व एवं पूर्ण रोजगार की स्थिति बनाए रखना था। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु ब्रेट्न बुड्स सम्मेलन में बनी सहमति के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) एवं विश्व बैंक की स्थापना की गई जिन्होंने 1947 में औपचारिक रूप कार्य करना प्रारम्भ कर दिया।

प्र. 6 कॉर्न लॉ क्या था? उसे क्यों समाप्त किया गया ? उसकी समाप्ति के क्या परिणाम हुए?

उत्तर – जिस कानूनों के तहत ब्रिटिश सरकार ने मक्का के आयात पर पाबन्दी लगाई थी, उन्हें कॉर्न लॉ कहा जाता है। बड़े भूस्वामियों के दबाव में सरकार ने मक्का के आयात पर पाबन्दी लगाई थी। कॉर्न लॉ के लागू हो जाने के पश्चात् खाद्य पदार्थों की ऊँची कीमतों समाप्त करने के लिए मजबूर कर दिया। कॉर्न लॉ के समाप्त होने पर खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आ गई तथा ब्रिटेन की खाद्य समस्या दूर हो गई।

प्र. 7 केनाल कॉलोनी या नहर बस्ती से क्या अभिप्राय है?

उत्तर – 1. 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश भारतीय सरकार ने रेगिस्तानी परती जमीनों को उपजाऊ बनान के लिए नहरों का जाल बिछा दिया जिससे कि निर्यात के लिए गेहूँ और कपास की खेती की जा सके। नई नहरों की सिंचाई वाले क्षेत्रों में पंजाब के अन्य स्थान से लोगों को लाकर बसाया गया। उनकी बस्तियों को कनोल कॉलोनी या नहर बस्ती कहा जाता था।

प्र. 8"आधुनिक काल से पूर्व का विश्व 16वीं शताब्दी में तेज गति से सिकुड़ता गया" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – 1. 16वीं शताब्दी में यूरोपीय नाविकों ने एशिया के लिए समुद्री मार्ग खोज लिया था तथा पश्चिमी सागर को पार करके अमेरिका तक पहुंच गए थे।

2. 16वी. शताब्दी के मध्य तक आते–आते पुर्तगाली एवं स्पेनिश सेनाओं की विजयो का क्रम प्रारम्भ हो चुका था तथा उन्होंने अमेरिका में उपनिवेश बनाना शुरू कर दिया था।

प्र. 9. लचीली विनिमय दर क्या हैं ?

उत्तर – इस तहर की विनिमय दर विदेशी मुद्रा बाजार में विभिन्न मुद्राओं की मांग या आपूर्ति के आधार पर सिद्धान्त, सरकारों के हस्तक्षेप के बिना घटती बढ़ती रहती हैं इसे लचीली या परिवर्तनशील विनिमय दर कहते है।

प्र. 10 वैश्वीकरण का शाब्दिक अर्थ – स्वयं की अर्थ व्यवस्था को विश्व समुदाय के साथ जोड़ना वैश्वीकरण वह प्रक्रिया हैं जिसके द्वारा विश्वच की विभिन्न अर्थ व्यवस्थाओं का समन्वय किया जाता है जिससे वस्तुओं और क्रेताओं, प्रोधोगिक पूंजी तथा श्रम का इनके मध्य प्रवाह हो सके। वैश्वीकरण के भूमण्डलीकरण के नाम से भी जाना जाता है।

## सत्ता की साझेदारी

प्र.1 निम्न में से कौनसी भाषा बोलने वाले बैल्जियम में रहते है ?

(अ) डच (ब) फ्रेन्च (स) जर्मन (द) उपर्युक्त सभी (स)

CBEO BHINDER

प्र. 2 बैल्जियम निम्न में से किस महाद्वीप का देश है?

(अ) एशिया (ब) यूरोप (स) अफ्रिका (द) उत्तरी अमेरिका (ब)

प्र. 3 बैल्जियम की राजधानी है?

(अ) ब्रूसेल्स (ब) पेरीस (स) लंदन (द) न्यूयार्क (अ)

प्र. 4 बैल्जियम में कौनसी भाषा बोलने वाले तुलनात्मक रूप से ज्यादा समूह और ताकतवर थे?

(अ) डच भाषा (ब) जर्मन भाषा (स) अंग्रेजी भाषा (द) फ्रेन्च भाषा (द)

प्र. 5 निम्न में किस देश ने 1970 से 1993 ई0 के बीच अपने संविधान में चार संशोधन किये?

(अ) भारत (ब) श्रीलंका (स) बैल्जियम (द) जापान (स)

प्र. 6 1956 ई0 में श्रीलंका ने कौनसी भाषा को राजभाषा घोषित कर दिया था?

(अ) सिंहली (ब) तमिल (स) अंग्रेजी (द) हिन्दी (अ)

प्र. 7 श्रीलंका में किस धर्म को मानने वालों की संख्या अधिक है?

(अ) हिन्दू (ब) बौद्ध (स) मुस्लिम (द) ईसाई (ब)

प्र. 8 किस देश में दो समुदायों के बीच आपसी अविश्वास ने बडे टकराव का रूप ले लिया?

(अ) भारत (ब) श्रीलंका (स) बैल्जियम (द) जापान (ब)

प्र. 9 श्रीलंका के गृहयुद्ध का कब अन्त हुआ?

(अ) 2007 (ब) 2008 (स) 2009 (द) 2010 (स)

प्र. 10 बैल्जियम में फ्रेंन्च और डच बोलने वाले लोगों में तनाव कब होने लगा?

(अ) 1950–60 (ब) 1910–20 (स) 1930–40 (द) 1980–90 (अ)

प्र. 11 न्यायपालिका की नियुक्ति कौन करता है?

(अ) कार्यपालिका (ब) विधायिका (स) प्रधानमंत्री (द) नगरपालिक (अ)

प्र. 12 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(1) श्रीलंका........................में एक स्वतन्त्र राष्ट्र बना।

(2) ................ श्रीलंका का सबसे प्रमुख सामाजिक समूह है।

(3) यूरोपीय संघ का मुख्यालय ................ को चुना गया।

(4) .................. भारत का पडौसी देश है।

(5) श्रीलंका में कुल जनसंख्या में.............प्रतिशत सिंहली है।

(6) बैल्जियम की आबादी में 59 प्रतिशत लोग ................भाषा बोलते है।

(1) 1948 (2) सिंहली (3) ब्रूसेल्स (4) श्रीलंका (5) 74 (6) डच

CBEO BHINDER

**अतिलघुउत्तरात्मक प्रश्न–**

प्र. 1 1950 और 1960 के दशकों के बीच ब्रुसेल्स में दो समुदायों के बीच प्रखर समस्या क्या थी?

उत्तर भाषाई विविधता

प्र. 2 उस देश का नाम लिखिए जहां 1956 के बाद जातीय संघर्ष ने हिंसा और विद्रोह का रूप ले लिया।

उत्तर– श्रीलंका

प्र. 3 सत्ता की साझेदारी से आप क्या समझते है?

उत्तर– एक ऐसी व्यवस्था जिसमें समाज के सभी महत्वपूर्ण वर्गों को देश के शासन संचालन में स्थायी साझेदारी प्राप्त होती है।

प्र. 4 गृहयुद्ध किसे कहते है?

उत्तर– किसी देश में सरकार विरोधी समूहों की हिंसक लड़ाई ऐसा रूप ले ले कि वह युद्ध सा लगने लगे उसे गृहयुद्ध कहते है।

प्र. 5 लोकतन्त्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है?

उत्तर सत्ता की साझेदारी से विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य टकराव की संभावना कम रहती है तथा सभी समूह शासन व्यवस्था से जुडते है।

**लघुउत्तरात्मक प्रश्न –**

प्र. 1 सत्ता की साझेदारी के लाभ बताइये?

उत्तर– सत्ता की साझेदारी के निम्न लाभ है –

1 विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य टकराव की संभावना कम हो जाती है
2 सत्ता की साझेदारी राजनीतिक व्यवस्था के स्थाईत्व के लिए अच्छी है।
3 सत्ता की साझेदारी के माध्यम से सभी समूह शासन व्यवस्था से जुडते है।

प्र. 2 श्रीलंका में तमिलों में दो समूह कौन–कौनसे है?

उत्तर– श्रीलंका में तमिलों के दो समूह है –(1) श्रीलंका मूल के तमिल (2) हिन्दूस्तानी तमिल

प्र. 3 बैल्जियम की जातीय बनावट कैसी है?

उत्तर बैल्जियम की जातीय बनावट बहुत जटिल है देश की कुल आबादी का 59 प्रतिशत हिस्सा फ्लेमिश इलाके में रहता है तथा डच भाषीय है। 40 प्रतिशत लोग वेलोनिया क्षेत्र में रहते है तथा फ्रेंन्च भाषाई है तथा शेश 1 प्रतिशत जर्मन बोलते है तथा राजधानी ब्रुसेल्स के 80 प्रतिशत लोग फ्रेन्च बोलते है तथा 40 प्रतिशत लोग डच भाषा बोलते हैं।

प्र. 4 बहुसंख्यकवाद से आप क्या समझते है?

उत्तर **बहुसंख्यकवाद** – यह मान्यता है कि अगर कोई समुदाय बहुसंख्यक है तो वह अपने मनचाहें ढ़ंग से देश का शासन कर सकता है इसके लिए वह अल्पसंख्यक समुदाय की जरूरत या इच्छाओं की अवहेलना कर सकता है।

–

CBEOBHINDER

प्र. 5 श्रीलंका में हुए जातीय संघर्ष की विवेचना कीजिए?

उत्तर श्रीलंका के तमिलों ने अपनी राजनीतिक पार्टियों का निर्माण किया तथा श्रीलंका सरकार के समक्ष तमिल को राजभाशा बनाने, क्षेत्रिय स्वायत्तता की हासिंल करने और शिक्षा और रोजगार में समान अवसरों की मांग की लेकिन तमिलों की आबादी वालें क्षेत्रों की स्वायत्तता की मांगों को लगातार नकारा गया। 1980 ई0 के दशक तक उत्तर पूर्वी श्रीलंका में स्वतन्त्र तमिल ईलम (राज्य) बनाने की मांग को लेकर अनेक राजनैतिक संगठनों का निर्माण हुआ। श्रीलंका सरकार ने तमिलों की मांगों का ठुकरा दिया। इसका परिणाम यह हुआ की तमिलों और सरकारी सेनाओं में निरन्तर युद्ध चलता रहा। इस हिंसा में हजारों लोग मारे गये तथा बहुमूल्य संपति नष्ट हो गई।

प्र. 6 सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है? उदाहरण सहित समझाइये।

उत्तर सत्ता की साझेदारी निम्नलिखित कारणों से आवश्यक है –

1 **टकराव को रोकने के लिए** – यह सामाजिक समूहों के मध्य संघर्श की संभावना को कम करता है। तथा राजनैतिक व्यवस्था को स्थायित्व प्रदान करता है।

2 **लोकतन्त्र की आत्मा** – सत्ता की साझेदारी लोकतन्त्र का आधार है यह इसके विकास के लिए आवश्यक है। इससे समस्त समूह सत्ता में भागीदारी के माध्यम से शासन व्यवस्था से जुडे रहते है।

बैल्जियम व श्रीलंका के उदाहरण सत्ता की साझेदारी के महत्व को दर्शाते है। बैल्जियम में अल्पसंख्यक फ्रेंच भाषी लोगों के पास सत्ता थी तथा बहुसंख्यक डच भाशी समुदाय इससे वंचित था। फलस्वरूप समाज में संघर्ष उत्पन्न हो गया। श्रीलंका में बहुसंख्यक सिंहलियों के पास सत्ता थी व अल्पसंख्यक तमिल सत्ता से दूर था। तब भी वहां संघर्ष उत्पन्न हो गया। अतः समाज के कल्याण के लिए सत्ता की साझेदारी आवश्यक है।

प्र. 7 शासन के विभिन्न अंगों में सत्ता की साझेदारी कैसे होती है? समझाइये।

उत्तर शासन के विभिन्न अंगों में सत्ता की साझेदारी – लोकतन्त्र में सरकार के विभिन्न अंग विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य सत्ता का बटवारा रहता है। इन सभी के पास शक्ति होती है तथा वे आपस में एक दूसरे पर नियन्त्रण रखते है इसे ही सत्ता का क्षेतिज वितरण कहा जाता है। इस प्रकार के बंटवारे से यह सुनिश्चत हो जाता है कि कोई भी एक अंग सत्ता का असिमित उपयोग नही कर सकता। प्रत्येक अंग एक दूसरे पर अंकुश रखता है। इससे विभिन्न संस्थाओं के मध्य संतुलन बना रहता है।

CBSE BHANDER

## संघवाद

प्रश्न–1. एकात्मक सरकार से क्या आशय है?
उत्तर– जिस देश में एक ही स्तर की सरकार हो एवं समस्त शक्तियां केन्द्रीय सरकार में निहित हो।
प्रश्न–2. संघात्मक शासन से क्या आशय है?
उत्तर– जिस देश में दो या दो से अधिक स्तर (प्रकार) की सरकारे हो उसे संघात्मक शासन कहते हैं।
प्रश्न–3. किन देशों में एकात्मक सरकार हैं (कोई दो नाम लिखो )
उत्तर. 1. इंग्लैंड 2. जापान
प्रश्न–4. किन देशों में संघात्मक सरकार है?(कोई दो नाम लिखो )

उत्तर–1. संयुक्त राज्य अमेरिका 2. भारत
प्रश्न–5. संघीय व्यवस्था कितने तरीकों से गठित होती है?
उत्तर–1. साथ आकर संघ बनाना 2. प्रादेशिक विभाजन द्वारा
प्रश्न–6. वर्तमान में बेल्जियम में किस प्रकार की सरकार है?
उत्तर– संघात्मक
प्रश्न–7. भारतीय संविधान में मूल रूप से कितने स्तरीय शासन व्यवस्था थी?
उत्तर– दो स्तर की ( द्वि स्तरीय)
प्रश्न–8. आदर्श संघीय व्यवस्था के दो तत्वों को बताइए।
उत्तर– 1. आपसी समन्वय 2. साथ रहने पर सहमति
प्रश्न–9. भारतीय संविधान की आठवीं सूची में कितनी भाषाओं को रखा गया हैं।
उत्तर– 22 भाषाओं को
प्रश्न–10. भारत में राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट को कब लागु किया गया था।
उत्तर– 1 नवम्बर 1956
प्रश्न–11. भारतीय संविधान में विषयों का विभाजन कितनी सूचियों में किया गया है।
उत्तर– 3 सूचियों में ( संघ सूची, राज्य सूची, समवर्ती सूची)
प्रश्न–12 संघ, राज्य व समवर्ती सूचियों में कितने–कितने विषयों को शामिल किया गया है?
उत्तर– 97 संघ, 66 राज्य व 47 समवर्ती
प्रश्न–13. संघ सूची के किन्हीं दो विषयों को लिखिए
उत्तर– 1. संचार 2. बैंकिग
प्रश्न–14. सत्ता के विकेन्द्रीकरण से क्या आशय है?
उत्तर– जब सत्ता का बंटवारा विभिन्न स्तरों में किया जाता है या सत्ता की भागीदारी बढ़ायी जाती है तो उसे सत्ता का विकेन्द्रीकरण कहते है।
प्रश्न–15. भारत में पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तर कौन–कौन से हैं?
उत्तर– 1. ग्राम पंचायत 2. पंचायत समिति 3. जिला परिषद
प्रश्न–16. ग्राम पंचायत के मुखिया का पदनाम कौनसा है?
उत्तर– सरपंच
प्रश्न–17. गठबंधन सरकार किसे कहते है?
उत्तर– जब एक से अधिक राजनीतिक दल मिलकर सरकार का गठन करते हैं तो उसे गठबंधन सरकार कहते है।
प्रश्न–18. भारत में गाँवो के स्तर पर स्थानीय शासन व्यवस्था को किस नाम से जाना जाता है?
उत्तर– पंचायती राज के नाम से
प्रश्न–19. भारतीय संघ में वर्तमान में कितने राज्य केन्द्रशासित प्रदेश हैं?
उत्तर– 28 राज्य व 8 केन्द्रशासित प्रदेश
प्रश्न–20. भारत में पंचायती राज अधिनियम कब लागु किया?
उत्तर– 73वें संविधान संशोधन 1992 द्वारा
प्रश्न–21. 73वें संविधान संशोधन की दो विशेषताएं लिखिए।
उत्तर– 1. नियमित चुनाव (5 वर्ष बाद) 2. संवैधानिक प्रावधान 3. आरक्षण की व्यवस्था
प्रश्न–22. भारत में अवशिष्ठ विषयों पर कानून बनाने का अधिकार किसको है।
उत्तर– संघ सरकार को

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1. संघीय शासन व्यवस्था से आप क्या समझते हैं?

उत्तर – संघीय शासन व्यवस्था – संघीय शासन व्यवस्था में सवोच्च सत्ता दो स्तरों – केन्द्रीय सरकार और उसकी विभिन्न आनुषंगिक इकाइयों की सरकार के बीच बँट जाती है। सत्ता के इन दोनों स्तर की सरकारें

GEO BHINDER

अपने–अपने स्तर पर स्वतंत्र होकर अपना काम करती हैं। ये दोनों ही सरकारें अपने–अपने स्तर पर लोगों के प्रति जवाबदेह होती हैं।

प्रश्न 2. भारत की भाषायी विविधता– भारत में 2011 की जनगणना में 121 प्रमुख भाषाएं पायी गयी हैं। इनमें से 22 भाषाओं को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में रखा गया है और इसी कारण इन्हें अनुसूचित भाषाएँ कहा जाता है। शेष को गैर–अनुसूचित भाषा कहते हैं। भाषा की दृष्टि से भारत विश्व का सबसे ज्यादा विविधता वाला देश है।

प्रश्न 3. सरकार के तृतीय स्तर की किन्हीं चार विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – सरकार के तृतीय स्तर से आशय स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं से है। इसकी चार विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

1. इन संस्थाओं के सदस्यों तथा पदाधिकारियों के पदों में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें आरक्षित होती हैं।
2. इनमें 1/3 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं।
3. सभी स्थानीय संस्थाओं के सदस्यों के चुनावों के लिए राज्य चुनाव आयोग की व्यवस्था की गई है।
4. राज्य सरकारें अपनी आय का एक भाग विकास कार्य के लिए इन संस्थाओं को देती हैं।

प्रश्न 4. शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के पीछे मूल भावना क्या है?

उत्तर – शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के पीछे मूल भावना यह है कि अनेक मुद्दों और समस्याओं का निपटारा स्थानीय स्तर पर ही बढ़िया ढंग से ही हो सकता है। लोगों को अपने इलाके की समस्याओं की बेहतर समझ होती है। लोगों को इस बात की भी अच्छी जानकारी होती है कि पैसा कहां खर्च किया जाये और चीजों काक अधिक कुशलता से उपयोग किस तरह किया जाये?

## लोकतंत्र और विविधता

प्रश्न–1 अधिकतर सामाजिक विभाजन आधारित होते हैं–

(क)जन्म पर (ख) चुनाव पर

(ग)योग्यता पर (घ) धर्म पर (क)

प्रश्न–2 श्रीलंका में "श्रीलंका केवल सिंहलियों के लिए" की माँग किस समुदाय की पहचान और हितों के खिलाफ थी?

(क)सिंहली समुदाय के (ख)तमिल समुदाय के

(ग)हिंदू समुदाय के (घ)ईसाई समुदाय के (ख)

प्रश्न–3 अमेरिका में 1954–1968 के बीच कौनसा आंदोलन हुआ था?

(क)असहयोग आन्दोलन (ख)सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(ग)नागरिक अधिकार आन्दोलन (घ)इनमें से कोई नहीं (ग)

प्रश्न–4 विविधता को समाहित करने का सबसे अच्छा तरीका है–

(क)लोकतंत्र (ख)तानाशाही

(ग)अनुदारवाद (घ)इनमें से कोई नहीं (क)



CBEOBHINDER

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 अमरीका में नागरिक अधिकार आन्दोलन (1954–1968) किसके नेतृत्व में लड़ा गया?

उत्तर– मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नेतृत्व में।

प्रश्न–2 अश्वेत शक्ति आन्दोलन कब से कब तक चला ?

उत्तर– अश्वेत शक्ति आन्दोलन 1966 से 1975 तक चला।

प्रश्न–3 ग्रेट–ब्रिटेन की ईसाई आबादी किन दो पंथों में विभाजित है ?

उत्तर– ग्रेट–ब्रिटेन की ईसाई आबादी प्रोटेस्टेंट और रोमन कैथोलिक पंथों में विभाजित है।

प्रश्न–4 भारत के लोग पहले अपनी पहचान किससे जोड़ते हैं ?

उत्तर– भारत के लोग अपने को पहले भारतीय मानते हैं फिर किसी क्षेत्र या अन्य समुदाय का सदस्य।

प्रश्न–5 एफ्रो (अफ्रीकन) अमेरिकन कौन हैं?

उत्तर– एफ्रो अमेरिकन वह अश्वेत अफ्रीकी लोग हैं जिनके पूर्वजों को 17 वीं सदी से लेकर 19 वीं सदी तक अमरीका में गुलाम बनाकर लाया गया था।

प्रश्न–6 सामाजिक अन्तर से क्या आशय हैं?

उत्तर– समाजिक अन्तर वे स्थितियाँ हैं जिनमें जन्म के साथ आर्थिक, जातीय तथा सामाजिक असमानता के आधार पर भेदभाव किया जाता है।

प्रश्न–7 कार्लोस, स्मिथ और नॉर्मन तीनों में एक समानता क्या थी?

उत्तर– कार्लोस, स्मिथ और नॉर्मन तीनों में एक समानता थी कि वे सभी नस्ल आधारित भेदभाव के खिलाफ थे।

प्रश्न–8 संयुक्त राज्य अमेरिका के दो सामाजिक विभाजनों के नाम बताइए।

1. श्वेत अमेरिकी
2. अश्वेत अमेरिकी।

प्रश्न–9 उत्तरी आयरलैंड के प्रमुख जातीय समूहो के नाम बताइए।

**उत्तर–** उत्तरी आयरलैंड के प्रमुख जातीय समूह दो हैं–

(1) रोमन कैथोलिक (44प्रतिशत)

(2) प्रोटेस्टेण्ट (53 प्रतिशत)

**लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 अमरीका में नागरिक अधिकार आन्दोलन का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

**उत्तर–** अमरीका में नागरिक अधिकार आन्दोलन 1954 में 1968 तक चला। यह घटनाओं और सुधार आंदोलनों का एक सिलसिला था जिसका उद्देश्य एफ्रो–अमरीकी लोगों के विरूद्ध होने वाले नस्ल आधरित भेदभाव को मिटाना था। मार्टिन लूथर किंग जूनियर की अगुवाई में लड़े गए इस आंदोलन का स्वरूप पूरी तरह अहिंसक

CBEO BHINDER

था। इसने नस्ल के आधार पर भेदभाव करने वाले कानूनों और व्यवहार को समाप्त करने की माँग उठाई जो अंततः सफल हुई।

**प्रश्न–**2 किस प्रकार हमारे समाज में सामाजिक अन्तर उत्पन्न होते हैं?

**उत्तर–** अधिकतर सामाजिक अन्तर जन्म पर आधारित होते हैं, जैसे– लम्बा–छोटा, काला–गोरा, स्त्री–पुरूष आदि सामाजिक अन्तरों का आधार जन्म है। कुछ सामाजिक अन्तर हमारे चुनाव या पसंद के आधार पर भी तय होते हैं। जैसे– धर्म, शिक्षा, व्यवसाय के चुनाव के आधार पर होने वाले अन्तर।

**प्रश्न–**3 सामाजिक विभाजन तथा राजनीति किस प्रकार अन्तर्सम्बन्धित हैं? व्याख्या करें।

**उत्तर–** लगभग सभी लोकतंत्र में अलग–अलग राजनीतिक दल एक–दूसरे के विरूद्ध चुनाव लड़ते हैं तथा अधिक–से–अधिक वोट प्राप्त करने के प्रयास में बहुत से वायदे करते हैं, किसी विषेश समूह के पक्ष में बोलते हैं, ताकि वे उसके पक्ष में मतदान करें। अतः स्पष्ट है कि लोकतंत्र में सामाजिक विभाजन तथा राजनीति परस्पर अन्तर्सम्बन्धित हैं।

प्रश्न– 4 रजत पदक जीतने वाले आस्ट्रेलियाई धावक पीटर नार्मन ने टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस के प्रति किस प्रकार अपना समर्थन जताया?

**उत्तर–** 1968 के मैक्सिको ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीतने वाले आस्ट्रेलियाई धावक पीटर नार्मन ने पुरस्कार समारोह में अपनी जर्सी पर मानवाधिकार का बिल्ला लगाकर इन दोनों अमरीकी खिलाड़ियों के प्रति अपना समर्थन जताया।

**लघूत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 टॉमी स्मिथ व जॉन कार्लोस ने रंगभेद के मुद्दे पर किस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया?

उत्तर– (1) उन्होंने अश्वेत अमरीकी लोगों की गरीबी जताने के लिए बिना जूतों के केवल मोजे पहनकर पुरस्कार लिया।

(2) जॉन कार्लोस ने मारे गए अश्वेत लोगों की याद में काले मनकों की माला पहनी।

(3) स्मिथ ने अपने गले में, अश्वेत लोगों के आत्मगौरव का प्रतीक–काला मफलर पहना।

अपने इन प्रतीकों और तौर–तरीकों से टॉमी स्मिथ व जॉन कार्लोस ने अमरीका में होने वाले रंगभेद के प्रति अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी का ध्यान खींचा।

प्रश्न–2 1968 के मैक्सिको ओलंपिक खेलों में टॉमी स्मिथ, जॉन कार्लोस और पीटर नार्मन को पुरस्कार समारोह में विरोध प्रदर्शन की क्या कीमत चुकानी पड़ी?

उत्तर– अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने कार्लोस और स्मिथ द्वारा राजनीतिक बयान देने की इस युक्ति को ओलंपिक भावना के विरूद्ध बताते हुए उन्हें दोषी करार दिया और उनके पदक वापस ले लिए गए। नार्मन को भी अपने फैसलों से अमरीका में बढ़ते नागरिक अधिकार आंदोलन के प्रति दुनिया का ध्यान खींचने में सफलता पाई।

**निबन्धात्मक प्रश्न–**

**प्रश्न–** 1 सामाजिक भेदभाव की उत्पत्ति के कारणों का विवेचन कीजिए।

**उत्तर–** समाजिक भेदभाव की उत्पत्ति के प्रमुख कारण निम्न हैं–

CBEO BHINDER

(1) सामाजिक भेदभाव अधिकांशतः जन्म पर आधारित होता है। कोई व्यक्ति किसी खास समुदाय का सदस्य केवल इस आधार पर हो जाता है कि उसका जन्म उस समुदाय के किसी परिवार में हुआ होता है। जन्म पर आधारित सामाजिक भेदभाव प्रायः दैनिक जीवन में रोज देखने को मिलते हैं।

(2) भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था सामाजिक भेदभाव की उत्पत्ति का प्रमुख कारण रही है।

(3) सामाजिक भेदभाव के एक प्रमुख रूप लैंगिक असमानता का प्रमुख आधार इन दोनों के बारे में प्रचलित रूढ़ छवियाँ तथा तयशुदा सामाजिक भूमिकाएँ हैं। जबकि इसके लिए जैविक बनावट को आधार बता दिया जाता है जो कि सही नहीं है।

(4) जाति व्यवस्था तथा जातिगत असमानताएँ भी सामाजिक भेदभाव की उत्पत्ति का कारण हैं। सामाजिक भेदभाव का यह कारण केवल भारत में ही देखने को मिलता है।

(5) धर्म पर आधारित विभाजन तथा एक धर्म को दूसरे से श्रेष्ठ मानना भी सामाजिक भेदभाव को जन्म देता है।

# जाति धर्म और लैंगिक मसले

1. भारत में जनगणना 2011 अनुसार महिलाओं की साक्षरता दर है–

(अ) 50 फीसदी (ब) 40 फीसदी (स) 54 फीसदी (द) 76 फीसदी (स)

2. राजनीति के क्षेत्र में प्रायः अभिव्यक्त होता है–

(अ) आर्थिक विभाजन (ब) धार्मिक विभाजन (स) श्रम विभाजन (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

3. कौनसे विकल्प पर आधारित सामाजिक विभाजन केवल भारत में है–

(अ) आर्थिक आधारित (ब) लिंग आधारित (स) जाति आधारित (द) इनमें से कोई नहीं (स)

4. 1961 के बाद किस समुदाय का हिस्सा मामूली रूप से बढा है–

(अ) हिंदू (ब) जैन (स) ईसाइ (द) मुस्लिम (द)

5. निम्न में भारत में स्त्रियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था है–

(अ) लोकसभा (ब) विधानसभा (स) मंत्रिमंडल (द) पंचायती राज की संस्थाएँ (द)

**रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

1. लैंगिक असमानता का आधार स्त्री और पुरूष की जैविक बनावट नहीं बल्कि इन दोनों के बारे में प्रचलित.............................................और.......................................... है।

   **(रूढ़ छवियां, तयशुदा सामाजिक भूमिकाएँ)**

2. 2011 में देश की आबादी में अनुसूचित जातियों को हिस्सा......................फीसदी था

   **(16.6 फीसदी)**

3. भारत में 2011 में मुस्लिम समुदाय की आबादी कुल आबादी की...............प्रतिशत थी।

   **(14.2 प्रतिशत)**

CBEO BHINDER

4. प्रति हजार लड़कों पर लड़कियों की संख्या........................कहलाती है।

**(लिंगानुपात)**

5. भारत में................................सभी नागरिकों और समुदायों को किसी भी धर्म का पालन करने की आजादी देता है।

**(संविधान)**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 नारीवादी आंदोलन किसे कहा जाता है?

उत्तर– इन आंदोलनों में महिलाओं के राजनीतिक और वैधानिक दर्जे को उंचा उठाने और उनके लिए शिक्षा तथा रोजगार के अवसर बढाने की मांग की गयी। मूलगामी बदलाव की मांग करने वाले महिला आंदोलनों ने स्त्रियों के व्यक्तिगम और पारिवारिक जीवन में भी बराबरी की मांग उठाई। इन आंदोलनों को नारीवादी आंदोलन कहा जाता है।

प्रश्न–2 इंग्लैंड में किस धर्म को विशेष दर्जा दिया गया है?

उत्तर– इंग्लैंड में इसाई धर्म को विशेष दर्जा दिया गया है।

प्रश्न–3 गांधीजी कहा करते थे कि धर्म को कभी राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता, इस कथन में ' धर्म से क्या तात्पर्य है?

उत्तर– इस कथन में धर्म से तात्पर्य नैतिक मूल्यों से है।

प्रश्न–4 सांप्रदायिक राजनीति किस सोच पर आधारित होती है?

उत्तर –सांप्रदायिक राजनीति इस सोच पर आधारित होती है कि धर्म ही सामाजिक समुदाय का निर्माण करता है।

प्रश्न–5 सांप्रदायिकता किसके लिए चुनौति मानी गई है?

उत्तर– लोकतंत्र के लिए सांप्रदायिकता बड़ी चुनौति मानी गई है।

प्रश्न–6 किस व्यवस्था ने राजनैतिक दलों को लोगो को गोलबंद करने के लिए सक्रिय किया है?

उत्तर– सार्वभौम वयस्क मताधिकार और एक व्यक्ति एक वोट की व्यवस्था ने राजनैतिक दलों को लोगो को गोलबंद करने के लिए सक्रिय किया है।

प्रश्न–7 क्या भारतीय राज्य ने किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार किया है?

उत्तर– नहीं, भारतीय राज्य ने किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार नहीं किया है।

प्रश्न–8 वर्ण व्यवस्था किस धारणा पर आधारित है?

उत्तर– वर्ण व्यवस्था अन्य जाति–समूहों से भेदभाव और उन्हें अपने से अलग मानने की धारणा पर आधारित है।

प्रश्न–9 विभिन्न भारतीय समाज सुधारकों ने किस प्रकार की समाज व्यवस्था बनाने के प्रयास किये?

उत्तर– विभिन्न भारतीय समाज सुधारकों ने जातिगत भेदभाव से मुक्त समाज व्यवस्था बनाने की बात की है।

CBEO BHINDER

प्रश्न–10. ग्रामीण क्षेत्रों में किस व्यवस्था के कमजोर होने से वर्ण व्यवस्था की मानसिकता में बदलाव आ रहा है?

उत्तर– गांवों में जमींदारी व्यवस्था के कमजोर पड़ने से जाति व्यवस्था के पुराने स्वरूप और वर्ण व्यवस्था पर टिकी मानसिकता में बदलाव आ रहा है।

# जन संघर्ष आंदोलन

1. सरदार सरोवर बाँध किस नदी पर बनाया जा रहा है–

(क) ब्रह्मपुत्र (ख) नर्मदा

(ग) कृष्णा (घ) इनमें से कोई नहीं (ख)

2. भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम कब पारित हुआ–

(क) 2000 (ख) 2014

(ग) 2005 (घ) 2019 (ग)

3. नेपाल में लोकतंत्र कब कायम हुआ–

(क) 1950 के दशक (ख) 1970 के दशक में

(ग) 1990 के दशक में (घ) 1980 के दशक में (ग)

4. सेवन पार्टी अलायंस किस देश से संबंधित है–

(क) भारत (ख) श्रीलंका

(ग) चीन (घ) नेपाल (घ)

5. निम्न में से जो वर्ग विशेष के हित समूह का उदाहरण नहीं है–

(क) मजदूर संगठन (ख) मानवाधिकार संगठन

(ग) व्यावसायीक संगठन (घ) पेशेवरों का संगठन (ख)

6. निम्न में से जन आंदोलन का उदाहरण है–

(क) पर्यावरण आंदोलन (ख) नर्बदा बचाओ आंदोलन

(ग) ताडी विरोधी आंदोलन (घ) उपर्युक्त सभी (घ)

अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न–1 नेपाल में अंतिम राजा कौन था ?

उतर– ज्ञानेन्द्र।

प्रश्न–2 बोलीविया जल युद्व का क्या परिणाम निकला ?

उतर– ठेकों को निरस्त कर पुनः पुरानी व्यवस्था को लागू किया गया।

CBEO BHINDER

प्रश्न–3 दबाव समूह किसे कहते है?

उतर–समान पेशे हित आकांक्षा अथवा मत के लोगो के संगठन को दबाव समूह कहते है।

प्रश्न–4 आंदोलन का अर्थ स्पष्ट करो।

उतर– जब कोई जन समूह जनता के व्यापक हित में राजनीति को प्रभावित करने के लिए सामूहिक कार्यवाही करते है तो उसे आंदोलन कहा जाता है।

प्रश्न–5 नर्बदा बचाओ आंदोलन क्या है?

उतर– सरदार सरोवर बांध के निर्माण के कारण विस्थापित लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था हेतु किया गया आंदोलन है।

प्रश्न–6 हित समूह कितने प्रकार के होते है?

उतर– (1) वर्ग विशेष हित समूह जैसे मजदूर संघ

(2) जन सामान्य के हित समूह

प्रश्न–7 लोकतंत्र की तीसरी लहर से क्या आशय है?

उतर– जिन देशों मे लोकतंत्र 1990 के दशक में कायम हुआ वे देश तीसरी लहर के देश है।

प्रश्न–8 सेवन पार्टी अलायंस क्या था?

उतर– नेपाल के सभी सात बडे राजनीतिक दल मिलकर लोकतंत्र की स्थापना के लिए जो गठबंधन बनाया गया वह सेवन पार्टी अलायंस कहा गया।

प्रश्न–9 किन्हीं चार जन आंदोलन के नाम लिखो।

उतर– (1) नर्बदा बचाओ आंदोलन (2) शराब विरोधी आंदोलन

(3) महिला आंदोलन (4) पर्यावरण आंदोलन

प्रश्न–10 **BAMCEF** क्या है? तथा इसके प्रमुख उदेश्य क्या है?

उतर– " बेकवर्ड एण्ड माइनोरिटी कम्यूनिटिज एम्लोइज फेडरेशन "एक सरकारी कर्मचारियों का संगठन है जो जातिगत भेदभाव को मिटाने का काम करता है तथा सामाजिक न्याय एवं सम्पूर्ण समाज के लिए सामाजिक समानता चाहता है।

प्रश्न–11 आंदोलनकारी समूह क्या है? ये किस प्रकार कार्य करते है?

उतर– आंदोलनकारी वे समूह होते है जो प्रत्यक्ष रूप से चुनाव में भाग लेने के बजाय राजनीति को प्रभावित करते है। वे मार्च, हडताल तथा विरोध प्रदर्शन द्वारा सरकार का ध्यान किसी खास मुद्दे की तरफ खींचने का प्रयास करते हैं।

प्रश्न–12 दबाव समूह व आंदोलन में क्या अन्तर है?

उतर–(1)दबाव समूह का संगठन मजबूत होता है जबकि आंदोलनों में संगठन ढीला ढाला होता है।(2) दबाव समूह के फैसले औपचारिक होते है जबकि आंदोलन के फैसले अनौपचारिक होते है।

प्रश्न–13 नेपाल में किस राजा हत्या हुई थी?

उतर–नेपाल में राजा विरेन्द्र की हत्या हुई थी।

CBO BHINDER

# संसाधन एवं विकास

1. लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है?
(क) नवीकरण योग्य (ख) प्रवाह
(ग) जैव (घ) अनवीकरण योग्य (घ)

2. ज्वारीय ऊर्जा निम्नलिखित में से किस प्रकार का संसाधन नहीं है?
(क) पुनः पूर्ति योग्य (ख) अजैव
(ग) मानवकृत (घ) अचक्रीय (घ)

3. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का निमनलिखित में से मुख्य कारण क्या है?
(क) गहन खेती (ख) अधिक सिंचाई
(ग) वनोन्मूलन (घ) अति पशुचारण (ख)

4. निम्नलिखित में से किस प्रांत में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है?
(क) पंजाब (ख) उत्तर प्रदेश के मैदान
(ग) हरियाणा (घ) उत्तराखण्ड (घ)

5. इनमें से किस राज्य में काली मृदा मुख्य रूप से पाई जाती है?
(क) जम्मू और कश्मीर (ख) राजस्थान
(ग) महाराष्ट्र (घ) झारखण्ड (ग)

6. उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों को निम्नलिखित भागों में बाँटा जा सकता है–
(क) जैव और अजैव (ख) नवीकरण योग्य व अनवीकरण योग्य
(ग) प्राकृतिक और मानवीय (घ) संभावी व विकसित (क)

7. निम्न में से कौन अजैव संसाधन है?
(क) चट्टानें (ख) पशु
(ग) पौधे (घ) मछलियाँ (क)

8. नवीकरण योग्य संसाधन है–
(क) पवन ऊर्जा (ख) वन
(ग) जल (घ) ये सभी। (घ)

9. अचक्रीय संसाधन है–
(क) जीवाश्म ईंधन (ख) पवन ऊर्जा
(ग) पशु (घ) मनुष्य (क)

10. रियो डी जेनेरो पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन कब हुआ था–
(क) 1990 में (ख) 1991 में
(ग) 1992 में (घ) 1995 में (ग)

11. भूमि एक ........................ संसाधन है?
(क) प्राकृतिक (ख) मानव निर्मित
(ग) सौर ऊर्जा से निर्मित (घ) इनमें से कोई नहीं (क)

12. जलोढ़ मृदा निम्न में से किस फसल की खेती के लिए उपयुक्त है?
(क) गन्ना (ख) चावल
(ग) गेहूँ (घ) ये सभी (घ)

13. लाल–पीली मृदा कहाँ पाई जाती है?
(क) दक्कन के पठारी क्षेत्र में (ख) मालवा प्रदेश में
(ग) ब्रह्मपुत्र घाटी में (घ) थार रेगिस्तान में (क)

14. निम्न में से किस राज्य की लाल लेटराइट मृदाएँ काजू की फसल के लिए अधिक उपयुक्त हैं?
(क) तमिलनाडु (ख) आंध्र प्रदेश
(ग) केरल (घ) ये सभी (घ)



CBEO BHINDER

15. चादर अपरदन के लिए निम्न में से कौन–सा कारक उत्तरदायी है–
(क) जल (ख) वायु
(ग) भूमिगत जल (घ) हिमनदी। (क)

**रिक्त स्थान–**

1. पर्यावरण में पाए जाने वाले ऐसे पदार्थ या तत्व जिनसे मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति हो ................................ कहलाते हैं।
2. जून, 1992 में ब्राजील के ................................ नामक शहर में प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी–सम्मेलन का आयोजन हुआ।
3. भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल ................................ है।
4. ................................ शुमेसर द्वारा लिखित पुस्तक है।
5. फसलों के बीच वृक्षों की कतारें लगाना ................................ कहलाता है।

उत्तर– 1. संसाधन, 2. रियो डी जेनेरो, 3. 32.8 लाख वर्ग किमी,
4. स्माल इन ब्यूटीफुल, 5. रक्षक मेखला।

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न–1 संसाधनों को तत्वों या पदार्थों के निर्माण में सहायक कारकों के आधार पर कितने भागों में बाँटा जा सकता है?

उत्तर– (1) प्राकृतिक संसाधन (2) मानवीय संसाधन।

प्रश्न–2 अनवीकरणीय संसाधन के कोई चार उदाहरण लिखिए।
उत्तर– (1) कोयला (2) खनिज–तेल (3) यूरेनियम (4) प्राकृतिक गैस।
प्रश्न–3 सतत् पोषणीय विकास का क्या अर्थ है?
उत्तर– सतत् पोषणीय विकास का अर्थ है कि विकास पर्यावरण को हानि न पहुँचाए और वर्तमान विकास की प्रक्रिया भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं की अवहेलना न करे।
प्रश्न–4 काली मृदा की दो विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर– (1) काली मृदा बहुत महीन कणों अर्थात् मृत्तिका से बनी होती है। (2) गर्म और शुष्क मौसम में इन मृदाओं में गहरी दरारें पड़ जाती हैं। जिससे इनमें अच्छी तरह वायु मिश्रित हो जाती है।
प्रश्न–5 लेटराइट मृदा भारत के किन–किन क्षेत्रों में पायी जाती है?
उत्तर– यह मृद कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, ओडिशा तथापश्चिम बंगाल क्षेत्रों में पाई जाती है।
प्रश्न–6 काजू की फसल उगाने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त मृदा कौन–सी है।
उत्तर– लाल लेटराइट मृदा।
प्रश्न–7 भूस्खलन के लिए उत्तरदायी प्राकृतिक एवं मानवजनित कारक कौन–से हैं?
उत्तर– (1) प्राकृतिक कारक–पवन (2) मानवजनित कारक–वनोन्मूलन।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**
प्रश्न–1 संसाधन से क्या अभिप्राय है?
उत्तर– हमारे पर्यावरण में उपलब्ध वे समस्त वस्तुएँ जो हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने में प्रयोग की जाती हैं और जिनको बनाने के लिए तकनीकी ज्ञान उपलब्ध है, जो आर्थिक रूप से संभाव्य एवं सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य हैं, संसाधन कहलाती हैं। संसाधन का अर्थ केवल प्राकृतिक तत्व ही नहीं है अपितु मानवीय या सांस्कृतिक तत्त्व भी महत्वपूर्ण संसाधन होते हैं। इस प्रकार कोई भी वस्तु जो मानव के लिए उपयोगी हो अथवा उपयोगिता में सहायक हो, संसाधन कहलाती है। जैसे– खनिज तेल, कोयला, जल, खंनिज, प्राकृतिक वनस्पति, जीव–जन्तु आदि।

CBSE BHINDER

प्रश्न–2 संसाधनों के वर्गीकरण के विभिन्न आधार कौन–कौन से हैं?
उत्तर– संसाधनों के वर्गीकरण के विभिन्न आधार–

(1) उत्पत्ति के आधार पर– जैविक व अजैविक।
(2) समाप्यता के आधार पर– नवीकरण योग्य और अनवीकरण योग्य
(3) स्वामित्व के आधार पर– व्यक्तिगत, सामुदायिक, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय।
(4) विकास की अवस्था के आधार पर– संभावी, विकसित, भण्डार एवं संचित कोष।

प्रश्न–3 नवीकरण योग्य एवं अनवीकरण योग्य संसाधनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
उत्तर– नवीकरण योग्य एवं अनवीकरण योग्य संसाधनों में निम्नलिखित अन्तर है–

| **नवीकरण योग्य (नव्यकरणीय)** | **अनवीकरण योग्य (अनव्यकरणीय)** |
|---|---|
| 1. ये वे संसाधन हैं जिनका पुनः उपयोग सम्भव है। | 1. ये वे संसाधन हैं जो एक बार उपयोग करने के बाद नष्ट हो जाते हैं। पुनः उपयोग सम्भव नहीं है। |
| 2. ये पर्यावरण में प्रदूषण नहीं फैलाते हैं। | 2. ये पर्यावरण में प्रदूषण फैलाते हैं। |
| 3. पवन, जल, मृदा, वन, सौर–ऊर्जा आदि नवीकरण योग्य संसाधन हैं। | 3. कोयला, खनिज–तेल, प्राकृतिक गैस आदि अनवीकरण योग्य संसाधन हैं। |

प्रश्न–4 अन्तर्राष्ट्रीय संसाधनों का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।
उत्तर– किसी देश की तटरेखा से 200 समुद्री मील की दूरी से परे खुले महासागरीय संसाधन अन्तर्राष्ट्रीय संसाधन होते हैं। इन पर किसी देश का अधिकार नहीं होता है। इन्हें कुछ अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ नियन्त्रित करती हैं। इन संसाधनों का अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की सहमति के बिना उपयोग नहीं किया जा सकता है।

प्रश्न–5 मरुस्थलीय मृदा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर– मरुस्थलीय मृदा की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

(1) इन मृदाओं का रंग लाल व भूरा होता है।
(2) ये मृदाएँ आमतौर पर रेतीली व लवणीय होती हैं।
(3) शुष्क जलवायु एवं वनस्पति की कमी से इस मृदा में जलवाष्पन दर अधिक है।
(4) इस मृदा में ह्युमस व नमी की मात्रा कम पायी जाती हैं।
(5) यह मृदा अनुपजाऊ होती है लेकिन इसे उपयुक्त तरीके से सिंचित करके कृषि योग्य बनाया जा सकता है।

प्रश्न–6 स्वामित्व के आधार पर आप किस प्रकार संसाधनों का वर्गीकरण करेंगे?
उत्तर– स्वामित्व के आधार पर संसाधनों को निम्नलिखित चार प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है–

(1) व्यक्तिगत संसाधन– वे संसाधन जिन पर व्यक्तिगत स्वामित्व होता है, व्यक्तिगत संसाधन कहलाते हैं जैसे– बाग, चारागाह, कुआँ, तालाब, भूखण्ड, घर, कार आदि।
(2) सामुदायिक संसाधन– ऐसे संसाधन जो समुदाय के सभी सदस्यों के लिए समान रूप से उपलब्ध होते हैं, सामुदायिक संसाधन कहलाते हैं, जैसे– खेल का मैदान, चारागाह, श्मशान–भूमि, तालाब आदि।
(3) राष्ट्रीय संसाधन– वे सभी संसाधन जिन पर केन्द्र अथवा राज्य सरकार का नियंत्रण होता है, राष्ट्रीय संसाधन कहलाते हैं। देश की राजनीतिक सीमाओं के अन्तर्गत समस्त भूमि एवं 12 समुद्री मील दूर तक महासागरीय क्षेत्र एवं इसमें पाये जाने वाले संसाधनों पर सम्बन्धित राष्ट्र का स्वामित्व होता है।
(4) अन्तराष्ट्रीय संसाधन– इन संसाधनों को अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ नियन्त्रित करती हैं। तट रेखा से 200 समुद्री मील की दूरी (अपवर्जक आर्थिक क्षेत्र) से परे खुले महासागरीय संसाधनों पर किसी

एक देश का अधिकार नहीं होता है। इन्हें बिना किसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्था की सहमति के कोई देश उपयोग नहीं कर सकता।

प्रश्न–7 एजेण्डा–21 क्या है? इसके उद्देश्य बताइए।

उत्तर– जून, 1992 में 100 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों का एक सम्मेलन ब्राजील के रियो–डी–जेनेरो शहर में अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन के नाम से हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य विश्व स्तर पर उभरते पर्यावरणीय खतरों को रोकना एवं सामाजिक–आर्थिक समस्याओं का हल ढूँढना था। इसी सममेलन में एकत्रित नेताओं ने भू–मण्डलीय जलवायु परिवर्तन एवं जैविक–विविधता के एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये थें यही घोषणा पत्र एजेण्डा–21 के नाम से जाना जाता है। इस घोषणा पत्र का मुख्य उद्देश्य भू–मण्डलीय जलवायु परिवर्तन के खतरों को रोकना, जैविक–विविधता, पर्यावरण संरक्षण के लिए उपाय करना एवं भू–मण्डलीय सतत् पोषणीय विकास प्राप्त करना है।

प्रश्न–8 संसाधन नियोजन के विविध सोपानों का वर्णन कीजिए।

उत्तर– संसाधन नियोजन– संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है। भारत जैसे विविधतापूर्ण संसाधनों वाले देश में यह बहुत महत्त्वपूर्ण है। हमारे देश में राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं स्थानीय स्तर पर संसाधन नियोजन की आवश्यकता है। अतः संसाधनों के उपयुक्त उपयोग के लिए अपनाई जाने वाली तकनीक संसाधन नियोजन कहलाती है।

संसाधन नियोजन की प्रक्रिया/सोपान– राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं स्थानीय स्तर पर संसाधन नियोजन करना आसान कार्य नहीं है, यह एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें निम्नलिखित सोपान हैं–

(1) देश के विभिन्न प्रदेशों में संसाधनों को पहचानकर उनकी तालिका बनाना, इस कार्य में क्षेत्रीय सर्वेक्षण, मानचित्र बनाना तथा संसाधनों का गुणात्मक व मात्रात्मक अनुमान लगाना एवं उनका मापन करना है।

(2) संसाधन विकास योजनाएँ लागू करने के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी, कौशल एवं संस्थागत नियोजन ढाँचा तैयार करना।

(3) संसाधन विकास योजनाओं तथा राष्ट्रीय विकास योजनाओं में समन्वय स्थापित करना।

हमारे देश में स्वतन्त्रता के पश्चात् से ही संसाधन नियोजन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रथम पंचवर्षीय योजना से ही प्रयास किये गये हैं।

प्रश्न–9 भूमि–निम्नीकरण को नियन्त्रित करने के उपाय सुझाइए।

उत्तर– भूमि एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इस संसाधन का उपयोग हमारे पूर्वज प्राचीनकाल से करते आये हैं तथा भावी पीढ़ी भी इसी भूमि का उपयोग करेगी, हम अपनी मूल आवश्यकताओं का 95 प्रतिशत से अधिक भाग भूमि से प्राप्त करते हैं। मानवीय क्रियाकलापों से न केवल भूमि का निम्नीकरण हो रहा है वरन् भूमि को हानि पहुँचाने वाली प्राकृतिक शक्तियों को भी बल मिला है। आज भूमि निम्नीकरण की समस्या का हल किया जाना अति आवश्यक है। भूमि–निम्नीकरण की समस्या को हल करने के प्रमुख उपाय निम्नलिखित हैं–

(1) वृक्षारोपण– वनस्पतियाँ भूमि को सुरक्षातमक आवरण प्रदान करती हैं। वानस्पतिक आवरण के कारण पानी सीधा जमीन पर नहीं गिर पाता है। फलतः यह मिट्टी की उर्वरता को बनाये रखने में मदद करती है। वनारोपण भूमि निम्नीकरण की समस्या सुलझाने में बहुत कारगर सिद्ध हो सकती है।

(2) पेड़ों की रक्षक–मेखला– पेड़ों की रक्षक–मेखला का निर्माण भी भूमि निम्नीकरण को कम करने में सहायक होता है।

(3) रेतीले टीलों का स्थिरीकरण– मरूस्थलीय क्षेत्रों में बालू के टीलों का स्थिरीकरण भी बहुत जरूरी है। यह कार्य काँटेदार पौधों को लगातार किया जा सकता है।

(4) औद्योगिक स्राव व कूड़े–करकट की ठीक निकासी– उद्योगों से निकलने वाला गंदा पानी एवं अन्य वर्जनीय पदार्थ भूमि निम्नीकरण के मुख्य कारण हैं। इसलिए औद्योगिक कचरे व जल को संशोधित करने के पश्चात् ही विसर्जित करके जल और भूमि प्रदूषण कम किया जा सकता है।

CBO BHINDER

प्रश्न–10 जलोढ़ मृदा का निर्माण कैसे होता है? जलोढ मृदा की विशेषताओं को लिखिए।

उत्तर– भारत में अधिकांश भू–भाग पर जलोढ़ मृदा विस्तृत रूप में फैली हुई है। यह हिमालय की तीन महत्वपूर्ण नदी तन्त्रों सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र द्वारा लाए गए निक्षेपों से बनी है। पूर्वी तट के नदी डेल्टा भी जलोढ़ मृदा से बने हैं। जलोढ़ मृदा की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं–

(1) जलोढ़ मृदा सबसे अधिक उपजाऊ और अधिक विस्तार वाली है। यह मृदा विस्तृत रूप से सम्पूर्ण उत्तरी भारत के मैदान में फैली हुई है।

(2) जलोढ़ मृदा में रेत, सिल्ट एवं मृत्तिका के विभिन्न अनुपात पाये जाते हैं।

(3) अधिकतर जलोढ़ मृदाएँ पोटाश, फास्फोरस व चूनायुक्त होती है।

(4) जलोढ़ बहाकर लाई गई मृदा है। यह मृदा नदियों द्वारा बहाकर लाये गये निक्षेपों से बनी है।

(5) कणों के आकार के अतिरिक्त जलोढ़ मृदा की पहचान उसकी आयु से भी होती है। आयु के आधार पर जलोढ़ मृदाएँ दो प्रकार की होती हैं। पुरानी जलोढ़ व नवीन जलोढ़। पुरानी जलोढ़ को 'बांगर' एवं नवीन जलोढ़ को 'खादर' कहते हैं। बांगर मृदा में कंकर ग्रन्थियों की मात्रा अधिक होती है। खादर मृदा में बांगर मृदा की तुलना में अधिक बारीक कण पाये जाते हैं।

(6) जलोढ़ मृदा में पेड़–पौधों का सड़ा–गला अंश (ह्यूमस) बहुत अधिक मात्रा में मिलता है।

(7) सूखे क्षेत्रों की जलोढ़ मृदाएँ अधिक क्षारीय होती हैं। इन मृदाओं का सही उपचार एवं सिंचाई करके इनकी पैदावार में वृद्धि की जा सकती है।

## वन एवं वन्यजीव संसाधन

प्रश्न–1 विश्व में सारी जैव उपजातियों की कितनी प्रतिशत संख्या भारत में पाई जाती है–

(अ) 5 प्रतिशत (ब) 8 प्रतिशत (स) 10 प्रतिशत (द) 12 प्रतिशत (ब)

प्रश्न–2 एक अनुमान के तहत भारत में कितने प्रतिशत वन्य वनस्पतिजात के लुप्त होने का खतरा हैं–

(अ) 20 प्रतिशत (ब) 25 प्रतिशत (स) 10 प्रतिशत (द) 5 प्रतिशत (स)

प्रश्न–3 निम्न में से कोनसा एक संकट ग्रस्त जाति की श्रेणी में नहीं आता हैं–

(अ) भारतीय जंगली गधा (ब) गैंडा (स) शेर–पूँछ वाला बंदर (द) गाय (द)

प्रश्न–4 भारतीय वन्यजीवन (रक्षण) अधिनियम कब लागु हुआ–

(अ) 1951 (ब) 1972 (स) 1965 (द) 1947 (ब)

प्रश्न–5. इनमें से कोनसी टिप्पणी प्राकृतिक वनस्पतिजात और प्राणीजात के ह्रास का सही कारण नहीं हैं–

(अ) कृषि का प्रसार (ब) पशुचारण और ईंधन लकडी एकत्रित करना

(स) वृहत स्तरीय विकास परियोजनाएँ (द) तीव्र औद्योगीकरण और शहरीकरण (ब)

प्रश्न–6. 'सरिस्का बाघ रिजर्व' राजस्थान के किस जिले में स्थित है–

(अ) अलवर (ब) कोटा (स) जयपुर (द) सवाईमाधोपुर (अ)

प्रश्न–7 'हिमालयन यव'(ल्मू) क्या है–

(अ) एक समुद्री जीव (ब) एक औषधीय पौधा

CBEO BHINDER

(स) एक जंगली जन्तु (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

प्रश्न–8 वन विभाग के अनुसार वनों का प्रकार है–

(अ) आरक्षित वन (ब) रक्षित वन

(स) अवर्गीकृत वन (द) उपर्युक्त सभी (अ)

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 चिपको आंदोलन किसके लिए चलाया गया ?

उतर– हिमालय क्षेत्र में वृक्षों को बचाने के लिए।

प्रश्न–2 'प्रोजेक्ट टाईगर' क्या है ?

उतर– 1973 में बाघ संरक्षण के लिए शुरु की गई परियोजना।

प्रश्न–3 किस नदी परियोजना से मध्यप्रदेश का चार लाख हेक्टेयर वन जलमग्न हो जाएगा ?

उतर– नर्मदा नदी घाटी परियोजना।

प्रश्न–4 गेंडे के संरक्षण के लिए कोनसा प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान है ?

उतर– काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, असम।

प्रश्न–5 आरक्षित, रक्षित व अवर्गीकृत वन में कोनसा एक सर्वाधिक मूल्यवान वन माना जाता है ?

उतर– आरक्षित वन।

प्रश्न–6 किस राज्य में स्थायी वनों का सर्वाधिक क्षेत्र है ?

उतर– मध्यप्रदेश।

**लघूतरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 भारत में बाघ संरक्षण की कोई तीन परियोजना के नाम लिखिए।

उतर– (1) पेरियार बाघ रिजर्व, केरल।

(2) मानस बाघ रिजर्व, असम।

(3) कारबेट राष्ट्रीय उद्यान, उतराखण्ड।

प्रश्न–2 जैव विविधता किसे कहते है ?

उतर– किसी प्राकृतिक प्रदेश में पाई जाने वाली जंगली तथा पालतू जीव–जन्तुओं एवं पादपों की प्रजातियों की बहुलता को जैव विविधता कहते है।

प्रश्न–3 जैव विविधता मानव जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण है ?

उतर– जैव विविधता हरेक जीवों के जीवन के लिए आवश्यक हैं। यह आवासीय स्थल जिस पर हम रहते हैं, अत्यधिक जैव विविधता से भरा है। इसी क्षेत्र में मानव ओर दूसरे जीवधारी एक पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण

CBEO BHINDER

करते हैं जिसका हम मात्र एक हिस्सा है। और अपने अस्तित्व के लिए इन्हीं जीव जन्तुओं और पेड–पौधो पर आश्रित हैं, क्यों कि हवा के लिए ऑक्सीजन, भोजन के लिए अन्न, पीने के लिए जल, रहने के लिए आवास इत्यादि हम इन्हीं पेड–पौधों और जीव जन्तुओं से प्राप्त करते हैं। इसलिए जैव विविधता अन्य जीवों के लिए ही नहीं बल्कि मानव के लिए भी महत्वपूर्ण है।

प्रश्न–4 भारत में जैव विविधता को कम करने वाले कारक कौन–कौन से हैं ?

उतर– भारत में जैव विविधता को कम करने वाले कारकों में वन्यजीव के आवास का विनाश, जंगली जानवरों को मारना व आखेटन, पर्यावरणीय प्रदूषण व विषाक्तीकरण और दावानल आदि शामिल हैं।

प्रश्न–5 स्थानांतरित (झूम) खेती से आप क्या समझते है ?

उतर– स्थानांतरित खेती (झूम) एक आदिम प्रकार की कृषि है जिसमें पहले पेड–पौधो को काटकर, उन्हें जलाकर साफ की गई भूमि में पुराने उपकरणों से जगह बदल–बदल कर की जाती है। यह कृषि पूर्णतः प्रकृति पर निर्भर होती हैं और उत्पादन भी बहुत कम होता हैं।

प्रश्न–6 सुभेद्य जातियाँ क्या है ?

उतर– ये वे जातियाँ हैं जिनकी संख्या घट रही है। यदि इनकी सुरक्षा नहीं की जाएगी, और इनकी संख्या घटती रही तो यह संकटग्रस्त जातियों की श्रेणी में शामिल हो जाएगी।

प्रश्न–7 स्थानिक जातियाँ किसे कहते हैं ?

उतर– प्राकृतिक या भौगोलिक सीमाओं से अलग विशेष क्षेत्रों में पाई जाने वाली जातियों को स्थानिक जातियाँ कहते हैं। उदाहरण के लिए जैसे–अण्डमानी टील, निकोबारी कबूतर, अण्डमानी जंगली सूअर और अरूणाचल के मिथुन आदि।

प्रश्न–8 लुप्त जातियों से आप क्या समझते हैं ?

उतर– ये वे जातियाँ हैं जो इनके रहने के आवासों में खोज करने पर अनुपस्थित पाई गई हैं। ये जातियाँ स्थानीय क्षेत्र, प्रदेश, देश, महाद्वीप या पूरी पृथ्वी से ही लुप्त हो गई हैं। ऐसी जातियों में एशियाई चीता और गुलाबी सिर वाली बतख शामिल हैं।

CBEOBHINDER

## जल संसाधन

1. इनमें से किसने बांधों को आधनिक भारत के मंदिर कहा–

(अ) जवाहरलाल नेहरु (ब) सुभाषचन्द्र बोस

(स) सरदार पटेल (द) महात्मा गांधी (अ)

2. निम्न में से किस नदी को बंगाल का शोक कहा जाता है?

(अ) कृष्णा नदी को (ब) दामोदर नदी को

(स) माही नदी को (द) यमुना नदी को (ब)

3. राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण को कहा जाता है–

(अ) गुल (ब) कुल

(स) टांका (द) बाओक्स (स)

4. निम्नलिखित में से किस नदी पर टिहरी बांध बनाया जा रहा है?

(अ) भागीरथी (ब) यमुना

(स) कोशी (द) सतलज (अ)

5. विश्व में जल के आयतन का कितना प्रतिशत भाग अलवणीय जल है?

(अ) 2.5 (ब) 3.5

(स) 4.5 (द) 5.5 (अ)

6. पहाडी और पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण के लिए निम्नलिखित में से कौन सी विधि अपनाई जाती है?

(अ) जोहड (ब) जल वाहिकाएं

(स) खादीप (द) गुल अथवा कुल (द)

7. नागार्जुन सागर बांध किस नदी पर स्थित हैं?

(अ) चिनाब (ब) महानदी

(स) कृष्णा (द) सतलज (स)

8. निम्न में से कौनसी परियोजना राजस्थान व मध्यप्रदेश की संयुक्त परियोजना हैं?

(अ) चंबल घाटी परियोजना (ब) इंदिरा गांधी परियोजना

(स) माही बजाज सागर परियोजना (द) भाखडा नांगल परियोजना (अ)

9. पृथ्वी के धरातलीय जल का कितना प्रतिशत भाग खारे जल का है?

(अ) 90 प्रतिशत (ब) 60 प्रतिशत

(स) 70 प्रतिशत (द) 97 प्रतिशत (द)

10. जयपुर शहर को किस परियोजना से पेयजल की आपूर्ति होती है?

(अ) चंबल घाटी परियोजना (ब) इंदिरा गांधी परियोजना

(स) बीसलपुर परियोजना (द) भाखडा नांगल परियोजना (स)

11. राजस्थान में परंपरागत जल संरक्षण के रूप में बेरिया, छोटी कुई किस जिले में है?

(अ) जयपुर व अजमेर (ब) कोटा व बूंदी

CBEO BHINDER

(स) चितौडगढ व भीलवाडा (द) बाडमेर व जैसलमेर (द)

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 गुल अथवा कुल क्या है ?

उतर– पश्चिमी हिमालय में पर्वतीय क्षेत्रों में वाहिकाओं को गुल या कुल कहते हैं।

प्रश्न–2 भारत के ऐसे क्षेत्र का उदाहरण दे जहाँ पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती है फिर भी जल की कमी है?

उतर– मेघालय की राजधानी शिलांग।

प्रश्न–3 खडीन और जोहड क्या हैं ?

उतर– शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल को एकत्र करने के लिए बनाए खड्डे।

प्रश्न–4 जल दुर्लभता के दो कारण लिखिए।

उतर– (1) बढती जनसंख्या की बढती आवश्यकताएँ।

(2) जल का असमान वितरण।

प्रश्न–5 टिहरी परियोजना किस राज्य में किस नदी पर बनाई जा रही है?

उतर– उतराखण्ड में भागीरथी नदी पर।

प्रश्न–6 जल प्रबंधन से क्या तात्पर्य है ?

उतर– जल प्रबंधन से तात्पर्य जल के वितरण, विकास व सुव्यवस्थित उपयोग के लिए की गई सभी तकनीकी योजनाओं से हैं।

प्रश्न–7 भारत में सबसे लंबी मानव निर्मित नहर कोनसी हैं?

उतर– भारत में सबसे लंबी मानव निर्मित नहर इंदिरागांधी नहर है।

प्रश्न–8 भारत का सबसे लंबा बांध कौनसा है ?

उतर– हीराकुण्ड बांध।

प्रश्न–9 मिट्‌टी से बना बांध कोनसा है?

उतर– पांचना बांध।

प्रश्न–10 पांचना बांध कौनसी पांच नदियों के संगम पर बना है?

उतर– बरखेडा, भद्रावती, माची, मैसावट तथा अटा नदियों के संगम पर करौली जिले के गुडला गांव मे बना हुआ है।

प्रश्न–11 राजस्थान में आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कौनसी बहुद्‌देशीय परियोजना है?

उतर– माही बजाज सागर परियोजना।

CBEO BHINDER

प्रश्न—12 केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के नाम बताइए।

उतर— केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में भाखडा नांगल, रिहंद परियोजना, दामोदर, हीराकुण्ड, कोसी और टिहरी आदि है।

**लघुतरात्मक प्रश्न—**

प्रश्न—1. जल स्वावलम्बन की आवश्यकता क्यों है ε

**उत्तर —** वर्तमान में भूमिगत जल का स्तर निरन्तर गिर रहा है, स्थानीय स्तर पर प्रचलित जल स्त्रोतो की दुर्दशा हो गई है, बड़े बांधो में मिट्टी की गाद बढ गई तथा वर्षा की कमी से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही जनसंख्या वृद्वि से यह जल संकट और अधिक गम्भीर हो गया है। अतः इस संकट को दूर करने हेतु समुचित प्रबन्धन हेतु जल स्वावलम्बन की आवश्यकता है।

प्रश्न—2 जल प्रबन्धन के कोई तीन लाभ बताइए ε

**उत्तर —** जल प्रबन्धन के तीन प्रमुख लाभ निम्नलिखित है।

1. इससें वर्षा जल जो व्यर्थ ही बह जाता है। उसका सदुपयोग किया जा सकता है।
2. इससे बढती जनसंख्या की जल की मॉग की पूर्ति में मदद मिलेगी।
3. इससे मानसून की अनिश्चितता एवं अनियमितता के कारण पड़ने वाले सूखे एवं अकाल से निपटने में मदद मिलेगी।

प्रश्न—3 खडीन क्या है ? प्रकाश डालिए।

उतर— खडीन राजस्थान में परंपरागत जल संरक्षण का एक रूप है। खडीन वह भूमि होती है जिसमें पहाडी भागों मे वर्षा काल में बहते हुए जल को ढालू भागों पर कच्चढालू भागों पर कच्ची मेड या दीवार बनाकर रोका जाता है तथा अतिरिक्त जल को इस दीवार के एक भाग से निकाल दिया जाता है। इससे लगती दूसरी खडीन भूमि को पानी मिल सके। यह पद्धति मध्यकाल में जैसलमेर के पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा बनाई गई थी।

प्रश्न—4 राजस्थान में जल संरक्षण तकनीकी को क्यों अपनाया गया?

उतर— राजस्थान का अधिकांश भाग मरुस्थलीय है एवं यहाँ वर्षा की कमी के कारण अकाल एवं सूखे की संभावना सदैव बनी रहती है अतः पेयजल एवं सिंचाई हेतु राज्य में जल संरक्षण तकनीकों को अपनाया गया।

प्रश्न—5 भाखडा नांगल परियोजना का वर्णन कीजिए।

उतर— भाखडा नांगल परियोजना सतलज नदी पर हिमाचल प्रदेश में विलासपुर के निकट स्थापित योजना है। यहाँ पंजाब हरियाणा एवं राजस्थान की संयुक्त परियोजना है इसका उद्देश्य सतजल व यमुना के मध्यवतीं भागों में सिंचाई विद्युत एवं पेयजल की आपूर्ति करना है। इसके तहत पंजाब के अंबाला में दो बांध बनाए गए हैं। इन बांधों से सिंचाई के लिए कई नहरे निकाली गई है।

प्रश्न—6 बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजना क्या है ? बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजना के चार लक्षण बताइए।

उतर— नदी पर बांध बनाकर इससे अनेक प्रकार कार्य किए जाने को ही बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजना कहते है। प्रमुख उद्देश्य—

CBEOBHINDER

1. जल विद्युत उत्पादन
2. सिंचाई
3. घरेलू व औद्योगिक जलापूर्ति
4. नौचालन
5. मछली पालन

प्रश्न–7 बहुद्देशीय परियोजनाओं की कमियों को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– 1. नदी पर बांध बनाने से उनका प्राकृतिक बहाव रुकना।
2. तलछट कम होना।
3. बांध नदियों को टुकडों में बाँट देता है।
4. बाढ के मेदानों में जलाशयों से वनस्पति और मिट्टियाँ जल में ही डूब जाती है।
5. स्थानीय लोगों का विस्थापन होना।

प्रश्न–8 जल दुर्लभता से क्या अभिप्राय है? इसके कारण लिखिए।

उत्तर– जल की मांग की तुलना में जल की कमी ही दुर्लभता कहलाती है।

जल दुर्लभता के कारण–
1. अधिक जनसंख्या।
2. जल संसाधनों का अत्यधिक शोषण।
3. औद्योगिकीकरण।

प्रश्न–9 पृथ्वी के धरातल का तीन चौथाई भाग जल से ढका हुआ है फिर भी दुनिया में जल की कमी हैं। ऐसा क्यों है ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– 1. विश्व में जल के कुल आयतन का 96.5 प्रतिशत भाग महासागरों में पाया जाता है जो कि खारा है।

2. 2.5 प्रतिशत ही केवल अलवणीय जल है। लवणीय जल का लगभग 70 प्रतिशत भाग बर्फ के रूप में जमा है।

3. वर्षा में वार्षिक और मौसमी परिवर्तन के कारण जल संसाधनों की उपलब्धता में समय और स्थान के अनुसार विभिन्नता है।

4. जल की कमी, इसके अतिशोषण, अत्यधिक प्रयोग और समाज के विभिन्न वर्गो में जल के असमान वितरण के कारण होती है।

प्रश्न–10 इंदिरा गांधी नहर परियोजना राजस्थान के लिए वरदान है। समझाइए।

उत्तर– इंदिरा गांधी नहर परियोजना पश्चिमी राजस्थान का कायाकल्प हुआ है। इससे थार के मरुस्थल में पेयजल एवं सिंचाई जल की आपूर्ति होने से बंजर भूमि का उपयोग होन लगा है। इस नहर से सात लिफ्ट नहर निकाली गई है जिनमें 17.41 करोड हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई होगी। अतः यह नहर थार रेगिस्तान के लिए वरदान है।

CBEO BHINDER

# अध्याय– कृषि

प्रश्न 1. निम्न में से कौनसी रोपन फसल नहीं है?

(अ) चाय (ब) गन्ना

(स) चावल (द) रबड़ (स)

प्रश्न 2. भारत निम्न में से किस उत्पाद का निर्यात करता है?

(अ) चाय (ब) कॉफी

(स) मसाले (द) ये सभी (द)

प्रश्न 3. किस फसल को सुनहरा रेशा कहाँ जाता है?

(अ) गेहूँ (ब) कपास

(स) जूट (द) चाय (स)

प्रश्न 4. निम्न में से कौनसा मोटा अनाज नहीं है?

(अ) ज्वार (ब) बाजरा

(स) रागी (द) गेहूँ (द)

प्रश्न 5. विश्व में चावल का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौनसा है?

(अ) भारत (ब) चीन

(स) अमेरिका (द) ब्राजील (ब)

प्रश्न 6. जूट किस प्रकार की फसल है?

(अ) दलहन फसल (ब) रोपन फसल

(स)रेशेदारफसल (द) बागवानी फसल (स)

प्रश्न 7. निन्न में से दलहनी फसल कौनसी है?.

(अ) सोयाबीन (ब) रागी

(स) मटर (द) अलसी (स)

प्रश्न 8. निम्न में से कौनसी जायद की फसल है?

(अ) चावल (ब) बाजरा

(स) मक्का (द) तरबूज (द)

प्रश्न 9. भारत की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है?

CBEO BHINDER

(अ) गेहू (ब) चावल

(स) गन्ना (द) बाजरा (अ)

**अत्तिलघूत्रात्मक प्रश्न –**

प्रश्न 1. भारत की सबसे महत्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है?
उत्तर चावल
प्रश्न 2. भारत की दो मुख्य फसलों के नाम बताए?
उत्तर 1. चाय 2. कॉफी
प्रश्न 3. किन्हीं दो बायो–डीजल फसलों के नाम बताइए?
उत्तर 1. जटरोफा 2. जोजोबा
प्रश्न 4. गन्ने की फसल तैयार होने में कितना समय लगता है?
उत्तर लगभग एक वर्ष।
प्रश्न 5. भारत में पैदा की जाने वाली शुष्क प्रदेशों की फसलों का नाम बताइए?
उत्तर ज्वार, बाजरा, व रागी आदि।
प्रश्न 6. भारत में बाजरा उत्पादक प्रमुख राज्य कौनसा है?
उत्तर राजस्थान।
प्रश्न 7. मक्का फसल के लिए आवश्यक तापमान लिखिए?
उत्तर 21 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस तक।
प्रश्न 8. किन्हीं दो रेशेदार फसलो के नाम लिखिए?
उत्तर 1. जूट 2. कपास
प्रश्न 9. गन्ना किस कटिबन्ध की फसल है?
उत्तर उष्ण एवं उपोष्ण कटिबन्ध।
प्रश्न 10. कपास उगाने वाले दो प्रमुख राज्यों के नाम बताइए?
उत्तर 1. महाराष्ट्र 2. गुजरात।

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. कर्तन दहन प्रणाली को भारत के उत्तर पूर्वी प्रदेशों में ............................ कहाँ जाता है।
2. हमारे देश में अरेबिका किस्म की ........................................ पैदा की जाती है।
3. भारत की दो तिहाई जनसंख्या .............................कार्यो में संलग्न है।
4. गन्ने की फसल को तैयार होने में लगभग .............................लगता है।
5. भारत को ................................. के पौधे का मूल स्थान माना जाता है।

उत्तरमाला
1.झूम 2. कॉफी 3. कृषि 4. 1 वर्ष 5. कपास

**लघूत्रात्मक प्रश्न –**

प्रश्न 1. प्रारम्भिक जीविका निर्वाह कृषि तथा वाणिज्यिक कृषि की तुलना कीजिए।

उत्तर

| प्रारम्भिक जीविका निर्वाह कृषि | वाणिज्यिक कृषि |
|---|---|
| प्रारम्भिक जीविका निर्वाह कृषि भूमि के छोटे टुकड़ो पर आदिम कृशि औजारो जैसे लकड़ी के हल, डाओं और खुदाई करने वाली छड़ी तथा परिवार अथवा समुदाय श्रम की मदद से की जाती है। | वाणिज्यिक कृषि आधुनिक निवेशों जैसे अधिक पैदावार देने वाले बीजों, रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का प्रयोग कर की जाती है। |

CBEO BHINDER

प्रश्न 2. गहन जीविका कृषि से आप क्या समझते है? स्पश्ट कीजिए।

उत्तर गहन जीविका कृषि श्रम –गहन खेती है। इसमें अधिक उत्पादन के लिए अधिक मात्रा में जैव–रासायनिक निवेशों और सिंचाई का प्रयोग किया जाता है। यह उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है।

प्रश्न 3. भारत में रबी की फसल के दो प्रमुख लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर 1. भारत में रबी की फसलों को शीत ऋतु में अक्टूम्बर से दिसम्बर तक बोया जाता है तथा ग्रीष्म ऋतु में अप्रैल से जून के मध्य में काटा जाता है।

2. गेहूँ, जौ, मटर, चना और सरसों रबी की प्रमुख फसले है उत्तर और उत्तर– पश्चिमी राज्य रबी की फसल के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण राज्य है।

प्रश्न 4. गेहूँ के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर 1.गेहूँ की खेती के लिए 10 डिग्री सेल्सियस से 25 डिग्री सेलिसियस तापमान उपर्युक्त रहता है। तापमान क्रमशः बढना बहुत लाभदायक होता है।

2. इसकी खेती के लिए समान रूप से वितरित 50 से 75 से.मी. वर्षा की आवश्यकता होती है।

3. इसकी खेती के लिए हल्की दोमट मिट्टी व चिकनी मिट्टी उपयुक्त रहती है।

प्रश्न 5. व्यापक भूमि विकास कार्यक्रम क्या था? संक्षेप मे बताइए।

उत्तर– व्यापक भूमि विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कृशि उत्पादन को बढाने के लिए संस्थागत और तकनीको सुधारो को अपनाया गया। इस दिशा में उठाये गये महत्वपूर्ण कदमों में सूखा,बाढ, चक्रवात, आग तथा बीमारियों के लिए फसल बीमा के प्रवधान और किसानों को कम दर पर ऋण सुविधाए प्रदान करने के लिए ग्रामीण बैंको, सहकारी समितियों तथा भूमि विकास बैंको की स्थापना सममिलित है।

प्रश्न 6. जीन क्रांति किसे कहते है? कार्बनिक कृषि का आज अधिक प्रचलन क्यों है? दो कारण दीजिए।

उत्तर जननिक इंजीनियरिंग द्वारा बीजों की नई संकर किस्मों को तैयार कर फसलों का उत्पादन बढाए जाने को जीन क्रांति कहाँ जाता है। आज कार्बनिक कृषि के दो कारण निम्नलिखित है–

1. इसमें उर्वरकों व कीटनाशकों का प्रयोग नहीं किया जाता है।
2. इसका पर्यावरण पर किसी तरह का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

प्रश्न 7. भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को स्पश्ट कीजिए।

उत्तर कृषि एक प्राथमिक क्रिया है जो व्यक्ति के लिए अधिकांशतः खाद्यान्न एवं विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चा माल उत्पन्न करती हैं। भारत में कृषि प्राचीनकाल से ही होती आ रहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व निम्नलिखित कारणो से है–

1. भारत की कुल राश्ट्रीय आय में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है।
2. देश की लगभग दो तिहाई जनसंख्या कृषि कार्यो में संलग्न है।
3. कृषि से उद्योगों को कच्चा माल मिलता है।
4. भारत की लगभग 52 प्रति ात जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है।
5. चाय, कॉफी, मसाले जैसी कई कृषि उत्पादो का निर्यात करके भारत विदेशी मुद्रा अर्जित करता है।
6. कृषि का देश की समृद्धि एवं सुरक्षा से घनिष्ट संबंध है।
7. व्यापर उद्योग एवं यातायात का विकास कृषि पर निर्भर करता है।
8. कृषि भारत में रोजगार का प्रमुख स्त्रोत है।



CBEOBHINDER

प्रश्न 8. जूट के उत्पादन के लिए आवश्यक परिस्थितियों एवं जूट का उपयोग बताइए।

उत्तर जूट के उत्पादन के लिए आवश्यक परिस्थितियो निम्न है–

1. जूट की खेती के वृद्धि काल के दौरान उच्च तापमान की आवश्यकता होती है।
2. जूट की खेती के लिए बाढ के मैदानो कि जल निकास उपजाऊ मिट्टी आती है जिससे प्रतिवर्श नई मिट्टी जमा होती रहती है।

जूट का उपयोग–

1. जूट का उपयोग बोरीयॉ, चटाई, रस्सी तन्तु, धागों आदि के निर्माण में होता है।
2. दस्तकारी की वस्तुओं के निर्माण में भी जूट का उपयोग होता है।

प्रश्न 9. रबी एवं खरीफ की फसल में कोई तीन अंतर बताइए।

उत्तर रबी एवं खरीफ की फसल में निम्नलिखित अन्तर है–

| रबी फसल | खरीफ फसल |
|---|---|
| 1.रबी फसलों की बुवाई भीत ऋतु में अक्टूम्बर से दिसम्बर के मध्य की जाती है।<br>2.इन फसलों को ग्रीश्म ऋतु में अप्रैल से जून के मध्य में काट लिया जाता है।<br>3. गेहूँ, जौ, मटर, चना और सरसों रबी की प्रमुख फसले है । | 1. खरीफ फसलो की बुवाई मानसून के आगमन के साथ ही जून–जुलाई के महीनों में की जाती है।<br>2. ठन फसलों को भीत काल के प्रारम्भ होने से पूर्व सितम्बर–अक्टूम्बर माह में काट लिया जाता है।<br>3. चावल, मक्का और ज्वार खरीफ की प्रमुख फसले है । |


प्रश्न 10. चावल की कृषि का वर्णन निम्न बिन्दुओं के आधार पर कीजिए।

1. जलवायु 2. उत्पादक क्षेत्र

1. जलवायु– यह खरीफ की फसल है जिसे उगाने के लिए उच्च तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर और अधिक आर्द्रता 100 से.मी. से अधिक वर्षा की आवश्यकता होती है। कम वर्षा वाले क्षेत्रों में इसे सिंचाई करके उगाया जाता है।
2. उत्पादक क्षेत्र–चावल उत्तर और उत्तर–पूर्वी मैदानों, तटीय क्षेत्रों और डेल्टाई प्रदेशों में उगाया जाता है। नहरों के जाल और नलकूपों की सघनता के कारण पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ कम वर्षा वाले क्षेत्रों में चावल की फसल उगाना संभव हो पाया है।

CBEO BHINDER

# खनिज तथा ऊर्जा संसाधन




प्र 1 दांतों को गलने से रोकता है ?

(अ) चुना पत्थर (ब) फ्लूराइड (स) इल्मेनाइट (द) अभ्रक (ब)

प्र 2 निम्न मे सें कौनसा धात्विक खनिज है ?

(अ) अभ्रक (ब) पोटाश (स) चुना पत्थर (द) प्लेटिनम (द)

प्र 3 निम्न मे सें कौनसा अधात्विक खनिज है ?

(अ)तांबा (ब) जस्ता (स) मैंगनीज (द) अभ्रक (द)

प्र 4 निम्न मे सें कौनसा अलौह खनिज है ?

(अ)निकल (ब) कोबाल्ट (स) मैंगनीज (द)जस्ता (द)

प्र 5 निम्न मे सें कौनसा लौह खनिज है ?

(अ) तांबा (ब) सीसा (स) बॉक्साइट (द) मैंगनीज (द)

प्र 6 निम्न मे सें कौनसा ऊर्जा खनिज है ?

(अ) कोयला (ब)पेट्रोलियम (स) प्राकृतिक गैंस (द) उपर्युक्त सभी (द)

प्र 7 युरेनियम व थोरियम से प्राप्त होती है ?

(अ) जल विद्युत (ब) ताप विद्युत (स)पवन ऊर्जा (द)परमाणु ऊर्जा (द)

प्र 8 सर्वोत्तम प्रकार का लौह अयस्क कौनसा है ?

(अ) हेमेटाइट (ब)मैग्नेटाइट (स) लिमोनाइट (द) सिडेराइट (ब)

प्र 9 सर्वाधिक महत्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क कौनसा है ?

(अ) हेमेटाइट (ब)मैग्नेटाइट (स) लिमोनाइट (द) सिडेराइट (अ)

प्र 10 गुआ तथा नोआमुन्डी लौह अयस्क की खदाने कौनसे राज्य मे स्थित है ?

(अ)झारखण्ड (ब)छत्तीसगढ (स)ओडिसा (द) कर्नाटक (अ)

प्र 11 कुदरेमुख लौह अयस्क की खदान कोनसे राज्य मे स्थित है ?

(अ)झारखण्ड (ब)छत्तीसगढ (स)ओडिसा (द) कर्नाटक (द)

प्र 12 भारत मे मैंगनीज का सबसे बडा उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(अ) ओडिसा (ब) कर्नाटक (स) छत्तीसगढ (द)झारखण्ड (अ)

प्र 13 एक टन इस्पात बनाने मे लगभग कितने किलोग्राम मैंगनीज की आवश्कता होती है ?

(अ) 10 किलोग्राम (ब) 20 किलोग्राम (स) 30 किलोग्राम (द) 40किलोग्राम (अ)

प्र 14 वर्ष 2016–17 अनुसार देश का सबसे बडा बॉक्साइट उत्पादक राज्य कोनसा है ?

(अ) ओडिसा (ब) बिहार (स) छत्तीसगढ (द)झारखण्ड (अ)

प्र 15 नेल्लोर अभ्रक पेटी कौनसे राज्य मे स्थित है ?

(अ) आन्ध्रप्रदेश (ब) बिहार (स) ओडिसा (द)झारखण्ड (अ)

प्र 16 वर्श 2016–17 के अनुसार भारत का सबसे बडा चुना पत्थर उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(अ) गुजरात (ब) राजस्थान (स) मध्यप्रदेश (द) आन्ध्रप्रदेश (ब)

प्र 17 भारत का सबसे पुराना तेल उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(अ) असम (ब) कर्नाटक (स) छत्तीसगढ (द)झारखण्ड (अ)

प्र 18 कोनसे उद्यौग प्राकृतिक गैंस के प्रमुख प्रयोक्ता है ?

(अ) इस्पात उद्यौग (ब) तांबा उद्यौग

(स) सीमेंट उद्यौग (द) ऊर्जा वउर्वरक उद्यौग (द)

प्र 19 केरल मे मिलने वाली मोनाजाइट रेत मे कोनसा खनिज पाया जाता है ?

(अ) खनिज तेल (ब) यूरेनियम

(स) थोरियम (द) कोयला (स)

प्र 20 भारत मे ज्वारीय ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु आदर्श क्षैत्र है ?

(अ) खम्भात की खाड़ी (ब) कच्छ की खाड़ी

(स) सुन्दर वन क्षैत्र (द) उपर्युक्त सभी (द)

रिक्त स्थान की पूर्ति सामने दिये गये विकल्पों में से कीजिए–

1 भूपर्पटी विभिन्न _ _ _ _ _ _ के योग से बनी चट्टोनों से निर्मित है। (खनिजों/धातु)

CBEO BHINDER

2 सामान्यतः खनिज ______ मे पाये जाते है। (अयस्को/मिट्टी )

अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

प्रं 1 हमारे कुल पौष्टिक उपभोग का कितना प्रतिशत भाग खनिज है ?

उत्तर – 0.3 प्रतिशत

प्रं 2 अभी तक कितने खनिजो की पहचान की जा चुकी है ?

उत्तर– 2000 से अधिक खनिजो की

प्रं 3 मैग्नेटाइट लौह अयस्क मे कितने प्रतिशत लौहांश पाया जाता है ?

उत्तर – 70 प्रतिशत

प्रं 4 हेमेटाइट लौह अयस्क मे कितने प्रतिशत लौहांश पाया जाता है ?

उत्तर– 50–60 प्रतिशत

प्रं 5 ओडिसा मे लौह अयस्क की खदाने कोनसी है ?

उत्तर–मयूरभन्ज और केन्दूझर जिले मे बादाम पहाड खदान

प्रं 6 बेलाडिला पहाडी (छत्तीसगढ) से निकलने वाले लौह अयस्क का निर्यात विशाखापट्टनम पत्तन से कोनसे देशों को किया जाता है ?

उत्तर–जापान व दक्षिण कोरिया

प्रं 7 गोआ तथा रत्नागिरी (महाराष्ट्र) से निकलने वाले लौह अयस्क का निर्यात कौनसे पत्तन से होता है ?

उत्तर– मारमागाओ पत्तन से

प्रं 8 मध्यप्रदेश की बालाघाट खदाने देश का कितना प्रतिशत तांबा उत्पादित करती है ?

उत्तर– 52 प्रतिशत

प्रं 9 राजस्थान की खेतडी खदाने किसके लिए प्रसिद्ध है ?

उत्तर– तांबा उत्पादन के लिए

प्रं 10 उस खनिज का नाम बताईये जिससे एल्यूमीनियम प्राप्त किया जाता है ?

उत्तर– बॉक्साइट

प्रं 11 ओडिसा के कोरापुट जिले मे पंचपतमाली निक्षेप किसके लिए जाने जाते है ?

उत्तर– बॉक्साइट निक्षेप के लिए

प्रं 12 राजस्थान मे अभ्रक उत्पादक क्षैत्र कहा है ?

उत्तर– अजमेर के आस–पास

प्रं 13 सर्वोच्च परावैद्युत शक्ति, ऊर्जा ह्यस का निम्न गुणांक और उच्च वोल्टेज की प्रतिरोधिता के गुण कोनसे खनिज मे पाये जाते है ?

CBEO BHINDER

उत्तर– अभ्रक

प्रं 14 घातवर्ध्य,तन्य और ताप सुचालक के गुण कौनसी धातु मे पाये जाते है ?

उत्तर– तांबे में

प्रं 15 सीमेंन्ट उद्यौग के आधारभूत कच्चे माल का नाम बताईये ?

उत्तर– चूना पत्थर

प्रं 16 भारत में लिग्नाइट कोयले के प्रमुख भण्डार कहा है ?

उत्तर–नैवेली (तमिलनाडु )

प्रं 17 भारत मे कोयले के पश्चात् ऊर्जा का दुसरा प्रमुख साधन कौनसा है ?

उत्तर– पैट्रोलियम

प्रं 18 वर्तमान शताब्दी का ईधन किसे कहा है ?

उत्तर–प्राकृतिक गैस

प्रं 19 संश्लेशित वस्त्र,उर्वरक तथा रसायन उद्यौगों में एक नोडीय बिन्दु का कार्य कौन करता है ?

उत्तर–तेल शोधन शालाएँ

प्रं 20 CNG का पुरा नाम क्या है ?

उत्तर- Compressed Natural Gas सम्पीडित प्राकृतिक गैस

प्रं 21 भारत मे यूरेनियम व थोरियम कहाँ पाया जाता है ?

उत्तर– झारखण्ड और राजस्थान मे अरावली पर्वतश्रृंखला

प्रं 22 सौर ऊर्जा उत्पादन मे किस प्रौद्यौगिकी द्वारा धुप को सीधे विद्यत मे परिवर्तित किया जाता है

उत्तर– फोटोवोल्टाइक प्रौद्योगिकी द्वारा

प्रं 23 भारत मे पवन ऊर्जा फार्म की विशालतम पेटी कहाँ अवस्थित है ?

उत्तर– तमिलनाडु मे नागरकोइल से मदुराई तक

प्रं 24 देश मे पवन ऊर्जा के प्रभावी प्रयोग के लिए जाने जाते है ?

उत्तर– नागरकोइल और जैसलमेर

प्रं 25 महासागरीय तली मे किन खनिजो की प्रचुरता है ?

उत्तर–मैंगनीज ग्रन्थिकाएँ

<u>लघुतरात्मक प्रश्न–</u>

प्रं 1 खनिज क्या है ?

उत्तर–भूवैज्ञानिको के अनुसार खनिज एक प्राकृतिक रूप से विद्यमान समरूप तत्व हे

CBEO BHINDER

जिसकी एक निश्चित आन्तरिकं संरचना होती है।

प्रं 2 प्लेसर निक्षेप किसे कहते है ?

उत्तर– पहाडियों के आधार तथा घाटी तल की रेत मे जलोढं जमाव के रूप मे कुछ खनिज पाये जाते है ये निक्षेप प्लेसर निक्षेप कहलाते है ।

प्रं 3 रेट होल खनन क्या है ?

उत्तर–मेघालय के जोवाई व चेरापूंजी मे जंनजातियों द्वारा कोयले का खनन परिवार के सदस्यों द्वारा एक लम्बी संकीर्ण सुरंग के रूप मे किया जाता है जिसे रेट होल खनन कहते है ।

प्रं 4 बेलाडिला का क्या अर्थ है ?

उत्तर– बेलाडिला की पहाडिया (छत्तीसगढ) बैल के डील (िनउच) से मिलती जुलती है जिसके कारण ये नाम पडा ।

प्रं 5 कुदरेमुख का क्या अर्थ है ?

उत्तर– कन्नड भाशा मे कुदरे शब्द का अर्थ है घोडा। कर्नाटक के पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी घोडे के मुख से मिलती जुलती है।

प्रं 6 मैगनीज अयस्क के उपयोग लिखिए ?

उत्तर– 1 लौह इस्पात बनाने मे 2 ब्लीचींग पाउडर बनाने मे 3 कीटनाशक दवाये बनाने में 4 पेंट बनाने मे

प्रं 7 तांबे का उपयोग लिखिए ?

उत्तर– बिजली के तार बनाने, इलेक्ट्रोनिक्स व रसायन उद्योग में।

प्रं 8 निम्न कोटि के भूरे कोयले का नाम बताईये ?

उत्तर–लिग्नाइट

प्रं 9 कोयले के प्रकार कौन–कौनसे है ?

उत्तर–1 एन्थ्रेसाइट–सर्वोत्तम प्रकार, कार्बन की मात्रा सर्वाधिक

2 बिटुमिनस–वाणिज्यिक उपयोग सर्वाधिक, लौह प्रगलन मे अधिक उपयोग

3 लिग्नाइट कोयला

4 पीट–कार्बन की मात्रा कम, नमी की मात्रा अधिक

प्रं 10 भारत मे प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र कौनसे है ?

उत्तर– 1 मुम्बई हाई
2 अंकलेश्वर, कलोल ( गुजरात)
3 डिगबोई, नहरकटिया, मोरन हुगरीजन ( असम )

प्रं 11 HVJ गैस पाइपलाईन पर टिप्पणी लिखिए ?

उत्तर– 1700 किमी. लम्बी हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर गैस पाइपलाईन मुम्बई हाई और

बसीन को पश्चिमी व उत्तरी भारत के उर्वरक,विद्युत व अन्य औद्योगिक क्षेत्रो से

GEO BHINDER

जोडती है

प्रं 12 भूतापीय ऊर्जा से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर–पृथ्वी के आन्तरिक भागो से ताप का प्रयोग कर उत्पन्न की जाने वाली विद्युत को भूतापीय ऊर्जा कहते है ।

प्रं 13 भारत मे भूतापीय ऊर्जा के दोहन के लिए शुरू की गई दो प्रायोगिक परियोजनाओ के नाम बताइये ?

उत्तर– 1 हिमाचल प्रदेश मे मणिकरण के निकट पार्वती घाटी

2 लद्दाख मे पूगा घाटी

प्रं 14 परम्परागत तथा गैर परम्परागत ऊर्जा संसाधनो मे अन्तर स्पष्ट किजिए ?

उत्तर–

| ऊर्जा के परम्परागत संसाधन | ऊर्जा के गैर परम्परागत संसाधन |
|---|---|
| 1 इनमें लकडी, उपले, कोयला,पेट्रौलियम,प्राकृतिक गैस,जल व ताप विद्युत शामिल है।<br>2 कोयला,खनिज तेल व प्राकृतिक गैस अनवीकरण योग्य है।<br>3 पर्यावरण प्रदुषण करते है । | 1 सौर,पवन,ज्वारीय,भूतापीय,बायोगैस तथा परमाणु ऊर्जा शामिल है।?<br>2 परमाणु ऊर्जा को छोडकर भोश नवीकरण योग्य है ।<br>3 पर्यावरण प्रदुषण नही होता है । |

CBEO BHINDER

# विकास

प्र.1 देशों की तुलना करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण विशिष्टता समझी जाती है–
(क) आय (ख) व्यय
(ग) व्यवहार (घ) अनैतिकता ( क )

प्र.2 मानव विकास के लिहाज से किस देश की स्थिति भारत से बेहतर है–
(क) बांग्लादेश (ख) श्रीलंका
(ग) नेपाल (घ) पाकिस्तान ( ख )

प्र.3 इच्छाओं और आंकाक्षाओं की पूर्ति निम्न में से किसका लक्ष्य है –
(क) आय (ख) व्यवहार
(ग) विकास (घ) उपरोक्त सभी ( ग )

प्र.4 औसत आय को कहा जाता है–
(क) प्रति व्यक्ति आय (ख) राष्ट्रीय आय

(ग) सकल राष्ट्रीय उत्पादन (घ) सकल राष्ट्रीय उत्पाद ( क )

प्र.5 निम्न में से कौनसा संगठन मानव विकास रिपोर्ट तैयार करता है–
(क) सार्क (ख) विश्व बैंक
(ग) यु. एन. डी. पी. (घ) इनमें से कोई नहीं ( ग )

प्र.6 निम्न में से उर्जा का परम्परागत स्त्रोत है–
(क) पवन उर्जा (ख) सौर उर्जा
(ग) बायोगैस (घ) कोयला ( घ )

प्र.7 विश्व बैंक की स्थापना हुई थी–
(क) 1944 (ख) 1948
(ग) 1950 (घ) 2000 ( क )

प्र.8 सात वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में साक्षर जनसंख्यां अनुपात कहलाता है–
(क) प्रति व्यक्ति आय (ख) साक्षरता दर
(ग) सकल राष्ट्रीय आय (घ) इनमें से कोई नहीं ( ख )

प्र.9 वे संसाधन जो कई वर्षों के उपयोग के बाद समाप्त हो जाते है, वे कहलाते है–
(क) नवीकरणीय (ख) गैर टिकाउ
(ग) गैर नवीकरणीय (घ) प्रतिस्पर्धी संसाधन ( ग )

प्र.10 2018 के आंकडों के अनुसार विश्व में भारत का विकास सूचकांक का क्रमांक है–
(क) 130 वां (ख) 150 वां
(ग) 180 वां (घ) 200 वां ( क )

प्र.11–रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–
(क) विकास की वह प्रक्रिया जिसके द्वारा राष्ट्रीय आय एवं प्रति व्यक्ति आय में दीर्घकालिन वृद्धि होती है वह............................कहलाता है।
(ख) किसी राष्ट्र का आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक विकास.......................कहलाता है।
(ग) किसी भी व्यक्ति के पोषित होने का मापन ..........................से किया जाता है ।
उत्तर– (क) आर्थिक विकास (ख) राष्ट्रीय विकास (ग) शरीर द्रव्यमान सूचकांक

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–1 राष्ट्रीय आय को परिभाषित किजिये–
उत्तर– किसी समयावधि में एक अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं में कुल प्रवाह का मोद्रिक मूल्य राष्ट्रीय आय कहलाता है।

प्रश्न–2 केरल में शिशु मृत्यु कम क्यों है ?
उत्तर– क्योंकि केरल में स्वास्थ्य और शिक्षा की भौतिक सुविधाये पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

प्रश्न–3 ऐसी दो आवश्यकताये बताइये जो रूपयों से नहीं खरीदी जा सकती है?
उत्तर– (1) प्रदूषण रहित वातावरण (2) उतम स्वास्थ्य।

प्रश्न–4 भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के किन्हीं दो विकास के लक्ष्य एवं आंकाक्षाओं को लिखिये–
उत्तर– (1) बेहतर मजदूरी (2) काम करने के अधिक दिन ।

CBEO BHINDER

प्रश्न–5 एच. डी. आई. का पूरा नाम लिखिये–
उत्तर– मानव विकास सूचकांक ।

प्रश्न–6 विश्व बैंक के कोई दो उद्देश्य बताइये–
उत्तर– (1) निर्धन, साधनहीन, विकासशील देशों को वित्तीय सहायता देना ।
(2) विकासशील देशों को तकनिकी सहायता उपलब्ध कराना ।

प्रश्न–7 बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते है?
उत्तर– जिन कम्पनियों का एक से अधिक देशों में उत्पाद पर नियन्त्रण व स्वामित्व हो बहुराष्ट्रीय कम्पनियां कहलाती है।

प्रश्न–8 निवल उपस्थिति अनुपात से क्या तात्पर्य है–
उत्तर– 14 तथा 15 वर्ष की आयु के विद्यालय जाने वाले कुल बच्चों का उस वर्ग के कुल बच्चों के साथ प्रतिशत निवल उपस्थिति कहलाता है।

प्रश्न–9 धारणीय आर्थिक विकास किसे कहते है?
उत्तर– पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये बिना आर्थिक विकास को आगे बढाना धारणीय आर्थिक विकास कहलाता है।

प्रश्न–10 भूमिगत जल का अति दोहन कहां पाया जाता है?
उत्तर– विशेष रूप से पंजाब और पश्चिमी उत्तरप्रदेश कृषि के समृद्ध क्षेत्रों में तथा तटवर्ती क्षेत्रों व तेजी से विकसित होती बाहरी बस्तियों में पाया जाता है।

प्रश्न–11 देश की विकास प्रक्रिया के लिए कच्चा तेल अनिवार्य क्यों है
उत्तर– क्योंकि कच्चा तेल विभिन्न प्रकार की मशीनों यंत्रों एवं परिवहन आदि के लिए एक संचालक शक्ति का कार्य करता है।

प्रश्न–12 आय के अतिरिक्त विकास को जानने के और कौन–कौनसे मापदण्ड है, लिखिये–
उत्तर– (1) अच्छा व्यवहार, (2) समानता (3) स्वतंत्रता (4) सुरक्षा ।

प्रश्न–13 विकसित देश से क्या आशय है?
उत्तर– उच्चतम प्रति व्यक्ति आय व उच्च जीवन स्तर वाले देश विकसित देश कहलाते है।

प्रश्न–14 भारत को विकसित देश बनने के लिए क्या कार्य करने चाहिये। कोई दो कार्य लिखिये–
उत्तर– (1) लघु व कुटिर उद्योगों को बढावा,
(2) कृशि क्षेत्र के विकास पर बल

प्रश्न–15 औसत आय किस प्रकार ज्ञात की जाती है?
उत्तर– किसी देश की कुल आय में देश की कुल जनसंख्यां में भाग देकर औसत आय ज्ञात की जाती है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–
प्र.1 विकास किसे कहते है?
उत्तर– विकास एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने के साथ–साथ असमानता निर्धनता एवं निरक्षरता में कमी भी हो अर्थात लोगों के आर्थिक जीवन में सुधार हो एवं उनका जीवन स्तर ऊँचा हो।

CBEO BHINDER

प्र.2 आर्थिक विकास व मानव विकास में दो अन्तर लिखिये–

| आर्थिक विकास | मानव विकास |
| --- | --- |
| 1–इसके अन्तर्गत केवल मात्रात्मक विकास सम्मिलित है। | 1– इसमें मात्रात्मक विकास के साथ–साथ गुणात्मक पक्ष भी सम्मिलित है। |
| 2– आर्थिक विकास मानव विकास को प्राप्त करने का एक साधन है | 2–मानव विकास समस्त विकास का अंतिम लक्ष्य है। |

प्र.3 आपके गांव या शहर या स्थानीय इलाके के विकास के कोई चार लक्ष्य लिखिये?
उत्तर–(1) गांव, शहर व स्थानीय इलाके का सही ढंग से नियोजन,
(2) लोगों के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था,
(3) लोगों के लिए स्वास्थ्य व शिक्षा की उचित व्यवस्था,
(4) स्थानीय लोगों के रोजगार के पर्याप्त अवसर

प्र.4 अलग–अलग लोगों की विकास की धारणाऐं अलग–अलग क्यों होती है?
उत्तर– क्योंकि लोगों के जीवन की परिस्थितियां तथा उनकी आवश्यक्ताऐं एक दूसरे से भिन्न–भिन्न होती है, आवश्यकताओं के आधार पर लोगों के विकास के लक्ष्य भिन्न होते है।

प्र.5 मानव विकास के कोई तीन घटक (सूचक) लिखियें–
उत्तर– (1) जीवनकाल– जिसकी माप जन्म के समय जीवन प्रत्याशा से की जाती है, बच्चा अपने जन्म के समय कितने समय जीवित रहता है।
(2) शैक्षिक स्तर– प्रोढ, साक्षर, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उससे आगे की उच्च शिक्षा के सकल नामांक अनुपात दोनों को जोडकर निकाला जाता है।
(3) प्रति व्यक्ति आय– इसका उपयोग जीवन स्तर को मापने में की जाती है। आय की गणना सभी देशों के लिए डॉलर में की जाती है।

प्र.6 भारत के लोगों द्वारा उर्जा के किन स्त्रोतो का प्रयोग किया जाता है–
उतर– (1) परम्परागत स्त्रोत– कोयला, खनिज तेल, प्राकृतिक गैस ।
(2) गैर परम्परागत स्त्रोत– सौर उर्जा, बायोगैस, पवन उर्जा, सौर उर्जा, ज्वारीय उर्जा,परमाणु उर्जा ।

प्र.7 अपने आस–पास पर्यावरण के गिरावट के कोई चार बिन्दु लिखिये–
उत्तर– (1) वनो की कटाई– अंधाधुन वनो की कटाई से पर्यावरण को खतरा उत्पन्न हो गया है।
(2) वन्यजीवों का खतरा– वन्य जीवों के शिकार से दुर्लभ प्रजातियों के लुप्त होने का खतरा बढ गया।
(3) खनन क्रिया से प्रदूषण– खनन क्रिया आस–पास की भूमि, जल, वायु को प्रदूषित कर रही है, जिससे पर्यावरण को खतरा है।
(4) वायु प्रदूषण– औद्योगिकीकरण एवं शहरीकरण से वायु प्रदूषण में वृद्धि हुई जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है।
प्र.8 भारत में शिशु मृत्यु दर को स्पष्ट कीजिये।
उत्तर– किसी वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों में से एक वर्ष की आयु से पहले मर जाने वाले बच्चो का अनुपात शिशु मृत्यु दर कहलाता है।

CBSEBHINDER

# भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक

1. आर्थिक कार्यो के आधार पर किसी देश की अर्थव्यवस्था को विभाजित किया जा सकता है–

(अ) प्राथमिक क्षेत्रक (ब) द्वितीयक क्षेत्रक

(स) तृतीयक क्षेत्रक (द) उपर्युक्त सभी (द)

2. प्राथमिक क्षेत्रक को इस नाम से भी जाना जाता है–

(अ) कृषि एवं सहायक क्षेत्रक (ब) सेवा क्षेत्रक

(स) औद्योगिक क्षेत्रक (द) तृतीयक क्षेत्रक (अ)

3. प्राथमिक क्षेत्रक में सम्मिलित गतिविधि है–

(अ) संचार (ब) परिवहन (स) डेयरी (द) कृषि (द)

4. निम्न में से कोनसी एक क्रिया अथवा कार्य द्वितीयक क्षेत्रक से है–

(अ) गन्ने से गुड,चीनी बनाना (ब) बैंकिंग

(स) कृषि (द) भंण्डारण (अ)

5. किसी देश के अंदर किसी विशेष वर्ग से उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य कहलाता है–

(अ) सकल घरेलू उत्पाद (ब) शुद्ध घरेलू उत्पाद

(स) सकल घरेलू खर्च (द) प्रति व्यक्ति आय (अ)

6. अल्प बेरोजगारी मुख्यतः कहाँ पाई जाती है–

(अ) उद्योग में (ब) व्यापार में (स) कृषि में (द) सभी में (स)

7. अल्प बेरोजगारी तब होती है जब लोग–

(अ) काम करना नहीं चाहते

(ब) उनके काम के बदले भुगतान नहीं होता

(स) क्षमता से कम काम करते हो

(द) इनमें से कोई नहीं (स)

8. सार्वजनिक और निजी क्षेत्रक किस आधार पर विभाजित है–

(अ) रोजगार शर्तो पर (ब) आर्थिक गतिविधियों के स्वभाव पर

(स) उद्यमों के स्वामित्व पर (द) इनमें से कोई नहीं (स)

CBEO BHINDER

9. निम्न में से निजी क्षेत्रक का उदाहरण है–

(अ) डाकघर (ब) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(स) भारतीय रेलवे (द) उपर्युक्त सभी (ब)

10. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम संबंधित है–

(अ) काम का अधिकार (ब) शिक्षा का अधिकार

(स) विवाह का अधिकार (द) सूचना का अधिकार (अ)

रिक्त स्थान–

1. ..........................क्षेत्रक के अधिकांश श्रमिकों को रोजगार सुरक्षा प्राप्त होती है।

2. अंतिम वस्तुओं के मूल्य में.......................वस्तुओं का मूल्य पहले से ही शामिल होता है।

3. अल्प बेरोजगारी को ..........................बेरोजगारी भी कहते है।

4. सार्वजनिक क्षेत्र में अधिकांश परिसंपत्तियों पर ...................का अधिकार होता है।

(1) संगठित (2) मध्यवर्ती (3) छुपी हुई (4) सरकार

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 प्राथमिक क्षेत्र में शामिल की जाने वाली किन्हीं दो गतिविधियों के नाम लिखिए।

उतर– (1) कृषि (2) मत्स्य पालन

प्रश्न–2 किस क्षेत्रक में प्रकृति से प्राप्त उत्पादों का रूप परिवर्तित किया जाता हैं?

उतर– द्वितीयक क्षेत्रक में।

प्रश्न–3 वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय आय में सर्वाधिक योगदान किस क्षेत्र का हैं?

उतर– तृतीयक क्षेत्रक।

प्रश्न–4 तृतीयक क्षेत्रक में शामिल की जाने वाली किन्हीं दो गतिविधियों को बताइए।

उतर– (1) संचार (2) बैंकिंग

प्रश्न–5 वर्तमान में किस क्षेत्र में परिसंपत्तियों का स्वामित्व एवं सेवाओं का संचालन सरकार के हाथ में होता हैं?

उतर– सार्वजनिक क्षेत्र में।

प्रश्न–6 भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का कोई एक उदाहरण दीजिए।

उतर– भारतीय रेलवे।

CBEO BHINDER

प्रश्न–7 रोजगार के आधार पर क्षेत्रकों के नाम लिखिए।

उतर– संगठित और असंगठित क्षेत्र।

प्रश्न–8 स्वामित्व के आधार पर आर्थिक गतिविधियों को कौन–कौन से क्षेत्रक में वर्गीकृत किया गया है?

उतर– स्वामित्व के आधार पर आर्थिक गतिविधियों को सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रक में वर्गीकृत किया गया है।

**लघुतरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 अल्प बेरोजगारी या छुपी बेरोजगारी से आप क्या समझते है?

उतर– ऐसी आर्थिक गतिविधि जिसमें लगे हुए व्यक्ति कुछ काम जरूर करते हैं परन्तु किसी को भी पूर्ण रोजगार प्राप्त नहीं होता है, इसे ही अल्प बेरोजगारी या छुपी बेरोजगारी कहते हैं।

प्रश्न–2 भारत में बेरोजगारी दूर करने के कोई दो सुझाव दीजिए।

उतर– (1) भारत में आधारभूत संरचना जैसे– परिवहन संचार बैंकिंग आदि का विकास किया जान चाहिए ताकि कृषि एवं उद्योगों का विकास हो सके।
(2) प्राथमिक अथवा कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर खोजे जाने चाहिए ताकि अल्प बेरोजगारी दूरी हो सके।

प्रश्न–3 खुली बेरोजगारी व प्रछन्न बेरोजगारी में अंतर बताइए।
उतर– खुली बेरोजगारी का अर्थ उस स्थिति से है जिसमें व्यक्ति प्रचलित मजदूरी और कुछ काम तो कर रहा है पर उसे पूर्ण रोजगार प्राप्त नहीं है। जबकि प्रछन्न बेरोजगारी में लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिल पाता हैं तथा वे रोजगार में तो लगे हैं किन्तु उत्पादन में उनका कोई खास योगदान नहीं होता हैं।

प्रश्न–4 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 पर एक टिप्पणी लिखिए।
उतर– महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के अंतर्गत उन सभी लोगों को जो, काम करने में सक्षम है और इन्हें काम की जरूरत है, सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष में 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। यदि सरकार रोजगार उपलब्ध कराने में असफल रहती है तो वह लोगों को बेरोजगार भत्ता देगी। इस अधिनियम के अंतर्गत उन कामों को वरीयता दी जाएगी जिनसे भविष्य में भूमि से उत्पाद बढाने में मदद मिलेगी।

# मुद्रा और साख

प्रश्न.1 वह माध्यम जिसके द्वारा हम वस्तुओं और सेवाओं को खरीदते और बेचते है,उसे कहते है?

(अ) मुद्रा (ब) साख
(स) वस्तु विनिमय (द) उपरोक्त कोई नहीं (अ)

प्रश्न. 2 मुद्रा का प्रमुख कार्य निम्न में से क्या है?

(अ) विनिमय (ब) जमा
(स) प्राप्ति (द) ऋण उपलब्ध (अ)

प्रश्न. 3 विनिमय में कम से कम कितने पक्षों की आवश्यकता होती है?

(अ) दो (ब) एक
(स) तीन (द) ये सभी (अ)



CBEO BHINDER

प्रश्न. 4 आवश्यकता के दोहरे संयोग का अंग है?

(अ) बेचना (ब) खरीदना

(स) आवश्यकता (द) उपरोक्त सभी (द)

प्रश्न. 5 मुद्रा का निर्गमन किसके द्वारा किया जाता है?

(अ) रिजर्व बैक (ब) वितमंत्री

(स) प्रधानमंत्री (द) भारत के राष्ट्रपति (अ)

प्रश्न. 6 वस्तु विनिमय प्रणाली को कहते है?

(अ) प्रत्यक्ष विनिमय (ब) अप्रत्यक्ष विनिमय

(स) मौद्रिक (द) क्रय विक्रय (अ)

प्रश्न. 7 भारतीय करेंसी में शामिल है –

(अ) कागज के नोट (ब) धातु के सिक्के

(स) सोने के सिक्के (द) (अ) और (ब) दोनों (द)

प्रश्न. 8 ऋण विकास के क्षेत्र में कैसी भूमिका अदा करता है –

(अ) सकारात्मक (ब) नकारात्मक

(स) सामान्य (द) उपरोक्त सभी (अ)

प्रश्न. 9 अनौपचारिक ऋण स्त्रोत है –

(अ) महाजन (ब) कृषि व्यापारी

(स) रिश्तेदार (द) उपरोक्त सभी (द)

प्रश्न. 10 किस चीज को बैक निक्षेप कहते है।

(अ) बैक में जमा मुद्रा (ब) घर पर रखी मुद्रा

(स) बैक कर्मचारी (द) उपरोक्त सभी (अ)

प्रश्न. 11 किस मुद्रा का संबंध प्राचीनकाल से नहीं है –

(अ) कागज के नोट (ब) सोने के सिक्के

(स) चांदी के सिक्के (द) तांबे के सिक्के (अ)

**लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न.1 जोखिम वाली परिस्थितियों में ऋण कर्जदार के लिए और समस्या खडी कर सकता है? स्पष्ट कीजिये।

उत्तर गाँव के लोग साहूकार से ऋण लेते है यह कर्जदार से धन के बदले में उससे अधिक मूल्य की सम्पति अपने अधिकार में कर लेते है यदि कर्जदार अधिक सीमा में ब्याज सहित नहीं लौटा पाते है तो उसे सम्पति से हाथ धोना पड़ सकता है।

प्रश्न 2. साख से आप क्या समझते है?

उत्तर साख या ऋण एक ऐसा माध्यम है जो किसी भी देश के विकास के लिए अति आवश्यक है। यह उत्पादन में सहायता करता है। और व्यक्ति के कार्यों को पूरा करता है।

प्रश्न 3. भारतीय रिजर्व बैक अन्य गतिविधियों पर किस तरह नजर रखता है?

उत्तर केन्द्रीय सरकार की ओर भारत में रिजर्व बैक करेंसी नोट जारी करता है यह बैक अन्य बैंकों की गतिविधियों पर निम्नलिखित प्रकार से नजर रखता है।

CBEO BHINDER

1. रिजर्व बैंक इस बात का ध्यान रखता है कि लाभ कमाने वाली इकाइयों व व्यापारियों को ही ऋण प्रदान तो नहीं कर रहा है वरन् छोटे किसानों को ऋण प्रदान कर रहा है।
2. ब्याज की दरों को निर्धारित करता है।
3. सभी व्यावसायिक बैंक नगदी शेष बनाई हुई या नहीं
4. समय–समय पर आवश्यक सूचना जनता को देता रहता है।

प्रश्न.4 दोहरा संयोग से आप क्या समझते है?

उत्तर यदि वस्तु के उत्पादक विक्रेता परस्पर वस्तुओं का आदान–प्रदान करके अपनी आवश्यकता की पूर्ति करते है तो विनिमय के इस प्रक्रिया को दोहरा संयोग कहा जाता है।

प्रश्न. 5 ऋण के औपचारिक व अनोपचारिक स्त्रोत कौन–कौन से है?

उत्तर ऋण के औपचारिक स्त्रोत–बैंक, व सहकारी समितियाँ है अनौपचारिक स्त्रोत– साहूकार दोस्त, व रिश्तेदार है।

प्रश्न 6. ऋण की शर्ते क्या है?

उत्तर ब्याज पर समर्थक आवश्यक कागजात व भुगतान के तरीके को ऋण की शर्ते कहाँ जाता है।

प्रश्न 7. कागजी मुद्रा से क्या अभिप्राय है?

उत्तर कागज के उपयोग से बने विभिन्न प्रकार के अंकित मूल्य के नोटों से है।

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न 1 प्राचीन समय में कोनसी धातुओं के सिक्के प्रचलित थे?

उत्तर प्राचीन समय में धातु के सिक्के के रूप में सोने, चाँदी और ताँबे के सिक्के प्रचलित थे।

प्रश्न 2. मुद्रा के आधुनिक रूप में क्या शामिल है?

उत्तर मुद्रा के आधुनिक रूप में करेंसी, कागज के नोट व सिक्के शामिल है।

प्रश्न 3. भारत में केन्द्रीय सरकार की तरफ से करेंसी नोट कौन जारी करता है?

उत्तर भारतीय रिजर्व बैंक

प्रश्न 4. ग्रामीण क्षेत्रों में साख की माँग क्या होती है?

उत्तर कृषि कार्य हेतु

प्रश्न 5. जमाकर्ता और कर्जदार के बीच मध्यस्थता का काम कौन करता है?

उत्तर बैंक

प्रश्न 6. ग्रामीण बैंक किस देश की सफल कहानी है?

उत्तर बांग्लादेश

प्रश्न 7 साख का मुख्य आधार क्या है?

उत्तर विश्वास

प्रश्न 8. मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य करती है यह कथन किसका है?

उत्तर प्रो. हार्टले

प्रश्न 9. मानव की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है?

उत्तर मुद्रा का आविष्कार

प्रश्न 10 आधुनिक युग की प्रगति का श्रेय किसको है?

उत्तर मुद्रा

CBEO BHINDER

प्रश्न 11 वस्तु विनिमय क्या है?

उत्तर वस्तु से वस्तु की लेन–देन की प्रक्रिया वस्तु विनिमय है।

# वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

प्रश्न–1.विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध एवं तीव्र एकीकरण को कहा जाता है–

(अ) सरकारी निवेश (ब) वैश्वीकरण (स) निजीकरण (द) विदेशी व्यापार (ब)

प्रश्न–2 विदेशी व्यापार तथा विदेशी निवेश का प्रारंभ भारत में कब हुआ–

(अ) 1980 (ब) 1991 (स) 1995 (द) 2001 (ब)

प्रश्न–3 अंतरराष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाने व अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का निर्धारक है–

(अ) यूनिसेफ (ब) यूनेस्को

(स) विश्व व्यापार संगठ (द) विश्व स्वास्थ्य संगठन (स)

प्रश्न–4 एक से अधिक देशों में अपनी औद्योगिक इकाइयाँ व कार्यालय स्थापित करती है–

(अ) राष्ट्रीय कंपनियाँ (ब) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ

(स) अंतरराज्यीय कंपनियाँ (द) अन्य (ब)

प्रश्न–5 दो या दो से अधिक देशों के बीच वस्तुओं व सेवाओं का आदान प्रदान कहलाता है–

(अ) देशी व्यापार (ब) विदेशी व्यापार

(स) अंतरराज्यीय व्यापार (द) अन्य (ब)

प्रश्न–6 वैश्वीकरण ने जीवन स्तर में सुधार व ज्यादा सुविधाएँ प्रदान की है–

(अ) सभी लोगों को (ब) विकासशील देशों को

(स) विकसित देशों को (द) अन्य (स)

प्रश्न–7 बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किस रूप में ज्यादा संपन्न मानी जाती है–

(अ) तकनीकी रूप से (ब) वितीय रूप से

(स) वस्तु व सेवा की गुणवता में (द) उपर्युक्त सभी (द)

प्रश्न–8 प्रतिस्पर्धा और वैश्वीकरण के दबाव का सबसे अधिक प्रभाव किस पर पडा है–

(अ) भू–स्वामी (ब) श्रमिक

(स) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (द) अन्य (ब)

CBEO BHINDER

प्रश्न–9 भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के योगदान का क्या प्रभाव पडा है–

(अ) विदेशी निवेश में वृद्धि (ब) विदेशी कंपनियों को एकाधिकार

(स) बाजार नियंत्रण प्रभावी (द) इनमें से कोई नहीं (अ)

प्रश्न–10 न्यायसंगत वैश्वीकरण हेतु सरकार के प्रयास होने चाहिए–

(अ) व्यापार एवं निवेश अवरोधकों का उपयोग

(ब) श्रमिक कानूनों का उचित क्रियान्वयन

(स) छोटे उत्पादकों के कार्य निष्पादन में सुधार के प्रयास

(द)उपर्युक्त सभी (द)

**रिक्त स्थान की पूर्ति–**

1. भूमि,भवन,मशीन तथा अन्य उपकरणों की खरीद हेतु किया गया व्यय ...................कहलाता है। **निवेश**/व्यापार

2. विश्व व्यापार संगठन में वर्तमान में ....................सदस्य देश है। 184/**160**

3. वैश्वीकरण को संभव बनाने में..................महत्वपूर्ण कारक है। **प्रोद्योगिकी का तीव्र विकास**/संपति का अर्जन

4. आयात पर लगाया गया कर ..............का एक विकल्प है। **व्यापार अवरोधक** / विनिवेश

5. .......................एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है। फोर्ड मोटर्स/**टाटा मोटर्स**

लघुतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न–1 विदेशी निवेश किसे कहते है ?

उतर– बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ कम लागत वाले स्थानों पर वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करती है। इस उत्पादन हेतु किया गया निवेश ही विदेशी निवेश कहलाता है।

प्रश्न–2 विदेशी व्यापार क्या है ?

उतर– विदेशी व्यापार घरेलू बाजारों अर्थात अपने देश के बाजारों से बाहर के बाजारों में पहूँचने के लिए उत्पादकों को अवसर प्रदान करता है जिससे विभिन्न देशों के बाजार आपस में एकीकृत हो सके।

प्रश्न–3 वैश्वीकरण को प्रभावी बनाने वाले प्रमुख कारकों से क्या अभिप्राय हैं ?

उतर– वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने वाले कारकों से अभिप्राय– परिवहन प्रोद्योगिकी की तीव्र उन्नति से हैं। इसके अतिरिक्त सूचना एवं संचार तकनीकी की उन्नति भी महत्वपूर्ण कारक है।

प्रश्न–4 उदारीकरण से आप क्या समझते है ?

उतर– उदारीकरण से अभिप्राय आयात निर्यात एवं विदेशी व्यापार पर लगे प्रतिबंधो को समाप्त करने से हैं अथवा इन्हें कम करने से हैं।

CBEO BHINDER

प्रश्न–5 भारत में लघु उत्पादकों को बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक आधारभूत चीजे कोनसी हैं ?

उतर– बेहतर सडकें, बिजली–पानी, कच्चा माल, विपणन एवं सूचनातंत्र के साथ ही प्रोद्योगिकी में सुधार एवं आधुनिकीकरण  तथा उचित ब्याज दर पर साख की उपलब्धता आदि महत्वपूर्ण आधार प्रदान करने हेतु आवश्यक है।

प्रश्न–6 बहुराष्ट्रीय कंपनी क्या है ?

उतर–  बहुराष्ट्रीय कंपनी से अभिप्राय ऐसी कंपनी जिसका व्यवसाय एक से अधिक राष्ट्रों में फैला होता है जिसमें उत्पादन मूल्य, गुणवता, आपूर्ति तथा श्रम शर्ते निर्धारण की अपार क्षमता होती है।

प्रश्न–7 बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विदेशों में निवेश किस प्रकार करती है ?

उतर– बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विदेशों में सीधे ही कारखाने स्थापित कर सकती हैं, स्थानीय कंपनियों को खरीद सकती हैं तथा स्थानीय कंपनियों के साथ मिलकर संयुक्त उत्पादन भी करती हैं।

प्रश्न–8 निजीकरण से आप क्या समझते है ?

उतर– निजी क्षेत्रों पर लगे कडे नियंत्रण को हटाकर उन्हें आवश्यक निर्णय लेने हेतु स्वतंत्र रखना ही निजीकरण है।

प्रश्न–9 भारत में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में निवेश का क्या प्रभाव पडा ?

उतर– बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निवेश के कारण भारत में विदेशी निवेश बढा है, इससे भारत में नए–नए उद्योगों की स्थापना हुई हैं। साथ ही गुणवतायुक्त वस्तुओं की उपलब्धता एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई हैं।

प्रश्न–10 व्यापार अवरोधक से क्या अभिप्राय है ?

उतर– सरकार द्वारा लगाए गए वे प्रतिबंध, जिनसे विदेशी व्यापार नियमित होता है तथा नियंत्रित रहता है।

CBEO BHINDER

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान,अजमेर

## मॉडल प्रश्न पत्र माध्यमिक परीक्षा 2022

विषय–सामाजिक विज्ञान

कक्षा–10

समय: 2:45 मिनट पूर्णांक 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

**GENERAL INSTRUCTION TO THE EXAMINEES:**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

**Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.**

2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

**All the questions are compulasory.**

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

**Write the answer to each question in the given answer book only.**

**(खण्ड अ)**

**बहुविकल्पी प्रश्न**

प्रश्न–01 निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए :–

(i) 1929 का कांग्रेस अधिवेशन निम्न में से कहाँ हुआ था ? 1
(अ) इलाहबाद (ब) कलकत्ता
(स) लाहौर (द) मद्रास

(ii) जर्मन बलूत किसका प्रतिक है ? 1
(अ) आजादी (ब) शाँति की चाह
(स) एक नये युग का सूत्रपात (द) बहादूरी

(iii) ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में किस संस्था की स्थापना की गई ? 1
(अ) यूनिसेफ (ब) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(स) विश्व स्वास्थ्य संगठन (द) यूनेस्को

(IV) लौहे अयस्क किस प्रकार का संसाधन हैं ? 1
(अ) नवीकरण योग्य (ब) प्रवाह
(स) जैव (द) अनवीकरण योग्य

(V) इनमें से किस राज्य में मरूस्थली मृदा मुख्य रूप से पाई जाती है ? 1
(अ) राजस्थान (ब) जम्मु और कश्मीर
(स) महाराष्ट्र (द) झारखंड

(VI) प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत कब हुई ? 1
(अ) 1974 (ब) 1973
(स) 1975 (द) 1976

(vii) श्रीलंका स्वतन्त्र राष्ट्र कब बना ? 1
(अ) 1948 (ब) 1949
(स) 1950 (द) 1951

(viii) केन्द्र एवं राज्य के मध्य विधायी अधिकारों को कितने हिस्से में बांटा गया है ? 1
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पॉच

(ix) जब हम लैंगिक विभाजन की बात करते है तो हमारा अभिप्राय होता है। 1
(अ) स्त्री और पुरूष के बीच जैविक अन्तर
(ब) समाज द्वारा स्त्री और पुरूष को दी गई असमान भूमिकाएं
(स) बालक और बालिकाओं की संख्या का अनुपात

CBEO BHINDER

(द) लोतान्त्रिक व्यवस्थाओं में महिलाओं को मतदान का अधिकार न मिलना।
(x) मध्य आय वर्ग वाला देश है – 1
(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका (ब) भारत
(स) चीन (द) जापान
(xi) औधोगिक क्षेत्रक कहा जाता है – 1
(अ) प्राथमिक क्षेत्रक (ब) द्वितीयक क्षेत्रक
(स) तृतीयक क्षेत्रक (द) चतुर्थक क्षेत्रक
(xii) विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया है – 1`
(अ) उदारीकरण (ब) निजीकरण
(स) राष्ट्रीयकरण (द) वैश्वीकरण

प्रश्न सं. 02 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

(i) अफ्रीका में .................... नामक बीमारी सबसे पहले 1880 के दशक के आखिरी सालों में दिखाई दी। 1
(ii) भारत के कुल .............. प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र पर वन स्थिति हैं । 1
(iii) ...................... अन्य जाति समूहो से भेदभाव और उन्हे अपने से अलग मानने की धारणा पर आधारित है ? 1
(iv) मानव विकास रिपोर्ट देशों की तुलना शैक्षिक स्तर, स्वास्थ्य स्थिति और .................. के आधार पर करती है 1
(v) किसी देश के भीतर किसी विशेष वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य ............. कहलाता है। 1
(vi) बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए निवेश को ............. कहते है । 1

प्रश्न सं. 03 अतिलघुतरात्मक प्रश्न (प्रश्नों का उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिए)

(i) 'गिरमिटिया' शब्द से आप क्या समझते है ? 1
(ii) वीटो (निषेधाधिकार) किसे कहते है ? 1
(iii) यह कथन किसका है ? '' जब फ्रांस छीकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी–जुकाम हो जाता है। '' 1
(iv) बाढ़ नियंत्रण हेतु कोई एक उपाय सुझाइए ? 1
(v) भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों में कर्तन दहन कृषि को क्या कहा जाता हैं ? 1
(vi) किसी एक रेशे वाली फसल का नाम बताइए ? 1
(vii) बेल्जियम ने 1970 से 1973 के बीच कुल कितने संशोधन किये । 1
(viii) सत्ता के विकेन्द्रीकरण से क्या आशय है ? 1
(ix) कार्लोस, स्मिथ और नार्मन तीनो में एक क्या समानता थी ? 1
(x) नवीकरणीय साधन तथा गैर नवीकरणीय साधन का एक उदाहरण दीजिए । 1
(xi) अतिरिक्त रोजगार के सृजन का कोई एक उपाय सुझाइए। 1
(xii) वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित करने वाला मुख्य कारक कौनसा है ? 1

4. रेशम मार्ग से किस–किस वस्तुओं का व्यापार होता था ? 2
5. वियना संधि के प्रमुख उद्देश्य लिखिए । 2
6. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड पर टिप्पणी लिखिए । 2
7. एजेंडा–21 के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? 2
8. संकटग्रस्ट जातियों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 2
9. भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। 2
10. बहुसंख्यवाद को बनाये रखने के लिए श्रीलंका सरकार द्वारा कौन–कौन से कदम उठाये गये है 2
11. संधीय शासन व्यवस्था से आप क्या समझते है ? 2
12. सामाजिक विभाजन तथा राजनीति किस प्रकार अन्त सम्बन्धित है ? व्याख्या करें ? 2
13. विकास की धारणीयता से आप क्या समझते है ? 2
14. सार्वजनिक क्षेत्रक तथा निजी क्षेत्रक में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। 2
15. भारत में औपचारिक क्षेत्रक में साख के किन्हीं दो स्रोतो की व्याख्या कीजिए। 2
16. भारत सरकार द्वारा विदेशी व्यापार पर अवरोधक लगाने के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। 2

**(खण्ड स)**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–प्रश्न 17 से 20 के उत्तर लिखिए ( शब्द सीमा 100 शब्द)

17. नेपोलियन संहिता की विशेषताएं लिखिए। 3
अथवा

CBSE BHINDER

जॉलवेराइन संघ की विशेषताएं लिखिए । 3

CBEO BHINDER

18.बाढ़ से बचाव के लिए कोई तीन सुरक्षा उपाय सुझाइए । 3
19. आपके अनुसार साम्प्रदायिकता कैसे एक चुनौती है कोई तीन तर्क लिखिए। 3 अथवा

जातिगत असमानता दूर करने के लिए अपने तीन सुझाव लिखिए ? 3
20. आप कैसे कह सकते है कि मुद्रा आवश्यकताओं के दाहरे यंयोग की जरूरत को खत्म कर देती है ? अपनी ओर से उदाहरण देकर समझाइए। 3 अथवा

अपने तर्को से सिद्ध कीजिए कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को संगठित करने में मदद करते है। 3
(खण्ड द)
निबन्धात्मक प्रश्न—प्रश्न 21 से 22 के उत्तर लिखिए ( शब्द सीमा 250 शब्द)
21. भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में महात्मा गांधी के योगदान का वर्णन कीजिए। 4
अथवा OR
सविनय अवज्ञा आन्दोलन का वर्णन कीजिए । 4
22. नेपाल में '' लोकतंत्र के लिए दूसरा आन्दोलन'' के विभिन्न चरणो को स्पष्ट कीजिए ? 4
आन्दोलनकारी समूह क्या होते है ? इसके प्रकारो के बारे में बताए ? 4
प्रश्न सं. 23 का उत्तर दिये गये मानचित्र में दीजिए :—
23. दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए :— (1+1+1+1) 4
(अ) रावतभाटा
(ब) नासिक
(स) नेवेली
(द) तलचर
दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए (1+1+1+1) 4
(अ) गया
(ब) मार्यागाओ
(स) नेल्लोर
(द) अजमेर

CBEO BHINDER

CBEO BHINDER

CBEO BHINDER